

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-39 सीहोर, गुरूवार 27 मार्च 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## मनी लॉन्ड्रिंग से लड़ने में एआई होगा एक अहम टूल : आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा

मुंबई, (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के बदलते परिदृश्य में नियामकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी तकनीकों के माध्यम से असेसमेंट फ्रेमवर्क को लगातार मजबूत करना चाहिए।

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि टेक्नोलॉजी ने व्यवसाय करने को अधिक सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसके साथ ही, मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध फंडिंग के तौर-तरीके भी अत्याधिक उन्नत हो गए हैं। इस कारण जोखिम आकलन मॉडलों को अधिक प्रभावी और सटीक बनाना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने केंद्रीय बैंकों से वित्तीय प्रणाली में नवीनतम रुझानों और अपराधियों द्वारा उपयोग किए जा सकने वाले नए तरीकों को समझने का आग्रह किया।



### वित्तीय प्रणाली को संरक्षित करने की जरूरत

मल्होत्रा ने कहा, हम अपनी वित्तीय प्रणालियों को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी फंडिंग के खिलाफ सुरक्षित और संरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि, हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे उपाय अत्यधिक कठोर न हों, जिससे वैध गतिविधियां और निवेश प्रभावित हों। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंकों को ऐसे नियम और रूपरेखा विकसित करनी चाहिए जो संदिग्ध लेनदेन की पहले ही पहचान कर सकें और समय पर कार्रवाई कर सकें।

### तकनीक की भूमिका और डेटा की गुणवत्ता में सुधार

आरबीआई गवर्नर ने डेटा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि आधुनिक तकनीकों जैसे कि एआई, ब्लॉकचेन और मशीन लर्निंग का उपयोग बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा, इन तकनीकों की मदद से हम लेनदेन की निगरानी और संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने की प्रक्रिया को सटीक बना सकते हैं, जिससे गलतियों, झूठी सकारात्मकता और झूठी नकारात्मकता की घटनाओं में कमी आएगी।

## विशेष अभियान के तहत 30,300 करोड़ की विदेशी संपत्ति और आय की घोषणा की गई

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 30,000 से अधिक करदाताओं ने 2024-25 के लिए अपने आयकर रिटर्न को संशोधित किया है या बिलेटेड रिटर्न फाइल किया। इसके बाद आयकर विभाग द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत 30,300 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्ति और आय की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि करीब 19,501 करदाताओं को एसएमएस और ई-मेल भेजे गए, जिसमें उनसे आयकर विभाग द्वारा विदेशी जमा पर एकत्रित जानकारी के आधार पर अपने आयकर रिटर्न की समीक्षा करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के परिणामस्वरूप 11,162 करदाताओं ने अपने कर रिटर्न में संशोधन किया और शेड्यूल फॉरेन एसेट्स फॉर्म फाइल किया, जिसमें कुल 11,259.29 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की गई और 154.42 करोड़ रुपये की विदेशी आय का खुलासा किया गया।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का मुरैना आगमन पर जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## कुणाल कामरा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कसा तंज



### कहा-लोगों की कमाई लूटने साड़ी वाली दीदी आई

नईदिल्ली (आरएनएस)। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी पर विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कमेंट किया है. उन्होंने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो को पोस्ट किया है. उन्होंने एक गाने के जरिए वित्त मंत्री को निर्मला ताई बुला डाला. इसके साथ उनकी नीतियों पर सवाल उठाए. डेढ़ मिनट के वीडियो में कामरा ने व्यंग करते हुए कहा, आपका टैक्स का पैसे हो रहा है हवा हवाई. इन सड़कों की बर्बादी करने सरकार है आई. मेट्रो है इनके मन में खोद कर लें अंगड़ाई. ट्रैफिक बढ़ाने ये है आई, ब्रिजेस गिराने ये है आई. कहते हैं इसको तानाशाही. कामरा ने आगे गाते हुए कहा, देश में इतनी महंगाई सरकार के साथ है आई. लोगों की लूटने कमाई साड़ी वाली दीदी आई. सैलरी चुराने ये है आई. मिडिल क्लास दबाने ये है आई. पॉपकॉर्न खिलाने ये है आई. कहते हैं इसको निर्मला ताई।

इससे पहले मुंबई के खार स्थित यूनीकांटीनेटल होटल में कामरा ने पूर्व सीएम और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को गद्दार बताया था. उन पर हिंदी फिल्म दिल तो पागल के एक गाने की पैरोडी बनाई. इस कविता के वायरल होने के बाद शिवसेना शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने उसके स्टूडियो में जमकर तोड़फोड़ मचाई।

कुणाल कामरा के बयान पर एकनाथ शिंदे ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है. शिंदे ने कटाक्ष की तुलना किसी शख्स के खिलाफ बोलने की सुपारी लेने से की. उन्होंने कहा कि वे भी व्यंग्य को समझते हैं. मगर किसी के खिलाफ बोलते समय शिष्टाचार होना जरूरी है. क्रिया ही प्रतिक्रिया का कारण बनती है. डिप्टी सीएम ने आगे कहा, वे इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि कौन क्या बोलता है? हमारा काम ही हमारे लिए बोलता है।

## वक्फ विधेयक को लेकर पटना में मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन, लालू-तेजस्वी भी शामिल हुए

पटना (आरएनएस)। वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देशभर में प्रदर्शन कर रहा है। इसी कड़ी में आज बिहार की राजधानी पटना में भी प्रदर्शन किया गया। पटना के गर्दनी बाग में मुस्लिम संगठनों ने विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसे राष्ट्रीय जनता दल ने अपना समर्थन दिया। प्रदर्शन में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव भी शामिल हुए। इस दौरान तेजस्वी ने कहा कि राजद हमेशा मुस्लिमों के साथ खड़ी रही है। तेजस्वी ने कहा, जो विधेयक लाया गया है, इसके विरोध में आप सब लोगों का महाजुटान हुआ है। हमारी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल, हम लोगों के नेता लालू प्रसाद यादव जी बीमार अवस्था में भी यहां आप लोगों का साथ देने पहुंचे हैं। हम लोग किसी भी कीमत पर, चाहे सत्ता रहे या जाए, हम लोगों को इसकी परवाह नहीं है। आप लोगों की इस लड़ाई में हम लोग पूरी मजबूती के साथ आपके साथ खड़े हैं।लालू यादव ने कहा, यह विधेयक अन्यायपूर्ण है और सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। हम इसके विरोध में हैं। यह गलत हो रहा है, जनता सब समझ रही है।

## पत्रकार हैं लोकतंत्र के सच्चे सेनानी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### श्रमजीवी पत्रकारों का त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन हुआ प्रारंभ



भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे सेनानी होते हैं। सरस्वती के साधक होने के साथ ही कड़ी मेहनत से सूचनाओं को आमजनों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुरैना जिला मुख्यालय पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकारों के हित में जो मांगें रखी गई हैं, उसके निराकरण के लिये शासन स्तर से एक कमेटी का गठन किया जायेगा। इस कमेटी में श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल कर पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों के हित में कार्य करने वाला बहुत पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष शलभ भदौरिया पत्रकारों के हित में निरंतर कार्य करते रहते हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश भर में श्रमजीवी पत्रकार संघ कार्य कर रहा है।विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर, विधायक दिनेश गुर्जर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष श्री भदौरिया, आशीष अग्रवाल, पूर्व विधायक बलवीर डण्डौतिया, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी सुरेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक राजकुमार दुबे, जिला अध्यक्ष रामशरण शर्मा एवं प्रदेश भर से आए पत्रकार साथी उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की सबसे जागरूक कौम है।

## संसद सुरक्षा में चूक के आरोपी मनोरंजन डी की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने संसद सुरक्षा चूक के आरोपी मनोरंजन डी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है. जस्टिस चंद्रधारी सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को करने का आदेश दिया.सुनवाई के दौरान मनोरंजन डी की ओर से पेश वकील ने कहा कि आरोपी का विरोध करने का तरीका भले ही ग़लत था लेकिन उसकी नीयत किसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देने की नहीं थी. आरोपी पढ़े लिखे हैं और वे बेरोजगारी के मसले को उठा रहे थे.बता दें कि इस मामले के सभी आरोपी अभी न्यायिक हिरासत में हैं. इसके पहले पटियाला हाउस कोर्ट मनोरंजन डी की जमानत याचिका खारिज कर चुका है. दिल्ली पुलिस ने 15 जुलाई 2024 को इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल किया था.दिल्ली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा मामले में 186, 353, 153, 452, 201, 34, 120बी और यूएपीए की धारा 13, 16, 18 के तहत चार्जशीट दाखिल किया था. दिल्ली पुलिस ने 7 जून 2024 को पहली चार्जशीट दाखिल किया था. दिल्ली पुलिस ने जिन आरोपियों के खिलाफ यूएपीए की धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल किया है उनमें मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद शामिल हैं. दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट करीब एक हजार पन्नों की है।

## आतिशी ने भ्रष्ट तरीके से जीता चुनाव दिल्ली हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

नई दिल्ली (ए)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से उनकी चुनावी जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें उन पर भ्रष्ट आचरण का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई), दिल्ली पुलिस और कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर को भी नोटिस जारी किया। अदालत ने प्रतिवादियों से याचिका पर अपने जवाब दाखिल करने को कहा और सुनवाई 30 जुलाई के लिए टाल दी। हालांकि, ईसीआई के वकील और रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि कानून के मुताबिक उन्हें चुनाव याचिका में पक्ष नहीं बनाया जा सकता था। अदालत ने कहा कि उनके लिए अपने जवाबों में अपनी आपत्तियों का उल्लेख करना खुला होगा। इस बीच, अदालत ने चुनाव आयोग, रिटर्निंग अधिकारी और पुलिस को कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र के चुनावों के सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया और कहा कि वे भविष्य में अपने आदेश में संशोधन की मांग कर सकते हैं।




## तेलंगाना के भद्राचलम में निर्माणाधीन छह मंजिला इमारत ढही, कई लोगों के मरने की आशंका

हैदराबाद(आरएनएस)। तेलंगाना के भद्राचलम में बुधवार को एक निर्माणाधीन छह मंजिला इमारत ढह गई. जानकारी के मुताबिक बिल्डिंग के मलबे में कम से कम छह लोग दबे हुए हैं. शुरुआती रिपोर्टों से पता चला है कि जिस समय यह हादसा उस वक्त इमारत के अंदर कई मजदूर मौजूद थे. मलबे में दबे कई लोगों के मारे जाने की आशंका है. फिलहाल बचाव दल मौके पर पहुंच गया है और बुलडोजर के साथ-साथ अन्य भारी मशीनों की मदद से मलबे फंसे लोगों को बचाने के प्रयास किया जा रहा है. इस बीच पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है.इमारत ढहने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन अधिकारियों को संदेह है कि निर्माण की खराब क्वालिटी और स्ट्रक्चरल डिफेक्ट के कारण यह दुर्घटना हुई।

## लड़की का नाड़ा खोलना दुष्कर्म की कोशिश नहीं, वाले आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली,(ए)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश में कहा था कि लड़की के स्तनों को पकड़ना, उसके पायजामे की डोरी तोड़ना रेप की कोशिश नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान आदेश लिखने वाले जज की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए गए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमें यह देखकर दुख हो रहा है कि यह फैसला लिखने वाले में संवेदनशीलता की कमी को दिखा रहा है। यह फैसला तुरंत नहीं लिया गया, बल्कि सुरक्षित रखने के 4 महीने बाद सुनाया गया। हम आमतौर पर इस स्तर पर स्थगन करने में हिचकिताते हैं, लेकिन पैरा 21, 24 और 26 में की गई बातें कानून में नहीं हैं और यह मानवता की कमी दिखाती हैं। हम इन पैरा में की गई टिप्पणियों पर रोक लगाते हैं।




साथ ही उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से प्रतिक्रिया मांगी है। साथ ही एटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सहयोग की मांग की है। खास बात है कि 24 मार्च को जस्टिस बेला त्रिवेदी और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था।किसने सुनाया था फैसला उच्च न्यायालय के जस्टिस न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने दो आरोपियों की तरफ से दायर पुनरीक्षण याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए ये टिप्पणी की थी। आरोपियों ने अपनी याचिका में निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (बलात्कार का प्रयास) के साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा 18 के तहत मुकदमे का सामना करने के लिए कहा था।

## सुबह होते ही सीबीआई ने खटखटाया भूपेश बघेल का दरवाजा, करीबियों के घर भी छापा

रायपुर(ए.)। बुधवार को सुबह सुबह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर का दरवाजा सीबीआई ने खटखटा दिया। यही नहीं उनके करीबियों के यहां भी छापेमारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी की टीमों ने रायपुर और भिलाई में बघेल के आवास के साथ-साथ एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पूर्व मुख्यमंत्री के एक करीबी सहयोगी के आवासीय परिसरों पर भी छापेमारी की। एजेंसी उस मामले के बारे में कुछ नहीं बता रही है जिसके सिलसिले में तलाशी ली जा रही है।

सूत्रों की मानें तो भिलाई दुर्ग के पूर्व एसपी अभिषेक पल्लव के घर भी सीबीआई की टीम ने दबिश दी है। आरक्षक नकुल और सहदेव के यहां भी टीम पहुंची है। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 5 के घर और सेक्टर 10 के घर पर भी टीम पहुंची है। तो वहीं सेक्टर 10 में एपी त्रिपाठी के यहां भी अधिकारियों की टीम पहुंची है।इसके अलावा भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार रहे विनोद वर्मा के यहां भी छापे की खबर है। इतना ही नहीं आईपीएस आरिफ शेख के घर भी सीबीआई की रेड की खबर सामने आ रही है। पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा के घर पर भी छापी की जानकारी मिल रही है। इतना ही नहीं भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार रहे विनोद वर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आनंद छाबड़ा के घर भी छापे की खबर है।




बता दें हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने कथित शराब घोटाला के मामले में बघेल के आवास पर छापे मारे थे। 10 मार्च को ईडी ने कथित शराब घोटाला मामले में उनके बेटे के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत दुर्ग जिले के भिलाई शहर में भूपेश बघेल के आवास पर छापा मारा था। इसके अलावा, चैतन्य के कथित करीबी सहयोगी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल सहित 13 और ठिकानों पर भी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली गई थी।माना जा रहा है कि यह कार्रवाई महादेव बैटिंग ऐप मामले में हो सकती है। यह ऐप ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए बनाई गई थी। रेड की जानकारी देते हुए बघेल ने एक्स पर लिखा, अब सीबीआई आई है। आगामी 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद (गुजरात) में होने वाली एआईसीसी की बैठक के लिए गठित ड्राफ्टिंग कमेटी की मीटिंग के लिए आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिल्ली जाने का कार्यक्रम है।

## मातृ वंदना योजना के लिए बहुत कम बजट दिया गया, राज्यसभा में सोनिया गांधी ने लगाया आरोप

नई दिल्ली (आरएनएस)। राज्यसभा में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत बहुत कम बजट आवंटित किये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने साथ ही सुझाव दिया कि इसके तहत गर्भवती महिलाओं को दिये जाने वाले आर्थिक लाभ की पूरी राशि प्रदान की जानी चाहिए। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत महिलाओं को मातृत्व लाभ प्रदान नहीं किए जा रहे हैं।सोनिया ने कहा कि संसद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सितंबर 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून को पारित किया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का आधार था। उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत अनौपचारिक क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को 6000 रुपये प्रदान किए जाने थे। उन्होंने कहा कि 2017 में शुरू की गई प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में इस अधिकार को प्रदान किए जाने की बात कही गई थी किंतु इसके तहत ऐसी महिलाओं को मात्र 5000 रुपये देने का प्रावधान किया गया। इसमें दूसरे बच्चे के होने पर भी ऐसी सहायता देने की बात थी बशर्ते वह शिशु बच्ची हो।







# पक्का आवास पाने से कोई न छूटे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पीएम आवास योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुंचाने 31 मार्च तक पूर्ण करें सर्वे कार्य



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय वर्ग के सभी हितग्राहियों को पक्का आवास प्रदान करें। कोई भी हितग्राही आवास पाने से वंचित न रहे। किन्हीं भी कारणों से आवास पाने से छूट गये पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना की पात्रतानुसार सबको पक्के घर की सौगात दी जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अभियान के मैदानी क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को अभियान तहत गांव और हितग्राही चयन का काम पूरा कर तय कार्य योजना एवं मापदंडों के अनुसार लक्षित क्षेत्रों में विकास कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अभियान जनजातीय समुदाय के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने अधिकारियों को अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव उर्जा नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि शमी, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, आयुक्त जनजातीय कार्य श्रीमन शुक्ल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान की अब तक की प्रारंभिक प्रगति एवं केन्द्र सरकार को अभियान के संदर्भ में भेजे गये विकास प्रस्तावों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने जनजातीय गांवों, बसाहटों, मजरों टोलों में ज़रूरत वाले विकास कार्यों में गति लाने ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया। केंद्र सरकार के इस अभियान से राज्य सरकार जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि जनजातीय वर्ग के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ हर हितग्राही तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय ग्रामों में टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जाएं। गांव में मिट्टी का परीक्षण कर किसानों को बताया जाए कि उन्हें कौन सी फसल लगाना ज्यादा लाभदायक होगा। साथ ही टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय परिवारों के बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए शासकीय सहयोग से दुधारू गाय उपलब्ध कराई जाए। इससे जनजातीय वर्ग की माताओं और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होगा।

## बजली उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत : 1 अप्रैल से लागू नहीं होंगी नई दरें, ये रही वजह

भोपाल(आरएनएस) मध्य प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए थोड़ी राहत की खबर है। प्रदेश में एक अप्रैल से बिजली की नई दरें लागू नहीं होगी। क्यों कि विद्युत नियामक आयोग ने अब तक कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। प्रावधान के मुताबिक, सूचना जारी करने के साथ दिन बाद नई दरें लागू होगी। प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है। दरअसल, राज्य विद्युत नियामक आयोग ने अब तक सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की है। तय प्रावधान के मुताबिक, जब सार्वजनिक सूचना जारी की जाती है, उसके अगले दिन से 7 दिन बाद ही बिजली की नई दरें लागू हो सकती हैं।

1 अप्रैल से नई दरें तब लागू हो सकती थीं जब आयोग 24 मार्च तक सार्वजनिक सूचना जारी करता।



लेकिन अब तक कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है। आपको बता दें कि एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने वर्ष 2025-26 के लिए बिजली दरों में 7.52 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है।

## मध्यप्रदेश के 6 जिलों का तापमान 40 डिग्री पहुंचा, नर्मदापुरम रहा सबसे गर्म, पारा 40.9 डिग्री दर्ज



भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश में गर्मी का असर दिखने लगा है। पिछले तीन दिन में पांच डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। बुधवार को प्रदेश में पहली बार 40 डिग्री से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया है। नर्मदापुरम सबसे ज्यादा गर्म रहा यहां का अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के 6 शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश अधिकतर शहरों का तापमान 38 डिग्री या उससे से ज्यादा दर्ज किया गया। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में भी तेज धूप खिली रही। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो दिन तेज गर्मी पड़ने का अलर्ट है।



## हिंदी विश्वविद्यालय में मान्यता विहीन पाठ्यक्रम चलाने का आरोप, कांग्रेस ने की सीबीआई जांच की मांग

भोपाल (ए.) । मध्य प्रदेश कांग्रेस ने अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि विश्वविद्यालय द्वारा बैचलर ऑफ इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एवं सर्जरी जैसे मान्यता विहीन पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है। कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार ने विधानसभा में स्पष्ट किया है कि इन पाठ्यक्रमों को मान्यता नहीं दी गई है और भविष्य में भी ऐसी कोई योजना नहीं है। इसके बावजूद, विश्वविद्यालय मान्यता का फैसला लगभग तय जैसे भ्रामक विज्ञापन जारी कर छात्रों को गुमराह कर रहा है।

**फीस के नाम पर करोड़ों रुपये वसूले**

उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों छात्रों से प्रवेश और कोर्स फीस के नाम पर करोड़ों रुपये वसूले जा रहे हैं, और प्रदेश भर में मशरूम की तरह उगे दर्जनों अध्ययन केंद्र छात्रों को ठगने का काम कर रहे हैं। उन्होंने सरकार पोषित संस्थानों पर शिक्षा का बंटाधार करने का भी आरोप लगाया।

**मामले की सीबीआई जांच की मांग**

गुप्ता ने कहा कि 2006 में हुए एक ऐसे ही मामले का जिक्र किया, जिसमें खेल एवं युवक कल्याण संचालनालय ने रोजगार की गारंटी के साथ छात्रों से फीस वसूली थी, लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाए, ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके और छात्रों को न्याय मिल सके।

**50-50 हजार फीस वसूली गई**

भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा है कि 2006 में मध्य प्रदेश सरकार के खेल एवं युवक कल्याण संचालनालय द्वारा रोजगार की गारंटी के साथ एक स्विटजरलैंड की अंतर्राष्ट्रीय कंपनी कूनो (ज्ञवनदव जवनते-जतंअमसे) के माध्यम से डिप्लोमा इन टूर्स एवं ट्रेवल, डिप्लोमा इन वीएलसीसी वेलनेस पार्लर एवं अन्य अलग-अलग कोर्सों में सैकड़ो बच्चों के एडमिशन किए गए थे, उनसे 50-50 हजार फीस वसूली गई। विज्ञापन में सौ फीसदी नौकरी और स्कालरशिप का वादा किया गया था किंतु उन बच्चों को ना तो नौकरी मिली ना ही सर्टिफिकेशन हुआ। सरकार ने इस खुली लूट की जांच शुरु की कितु उस जांच को लीपापोती एक्सप्रेस कुचलती चली गई। लीपापोती एक्सप्रेस के प्रयास से दोषी पुलिस अधिकारी तो बच गये मगर हजारों बच्चे सरकारी भ्रम के माध्यम से ठगी का शिकार हुए और वे आज तक भटक रहे हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार अरूण पटेल की सास का निधन

भोपाल (निप्र)। वरिष्ठ पत्रकार अरूण पटेल की सास एवं स्व. ओंकार सिंह रघुवंशी की पत्नी श्रीमती गीता रघुवंशी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे 93 वर्ष की थीं। श्रीमती रघुवंशी का अंतिम संस्कार भदभदा विश्राम घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र अजित रघुवंशी ने दी। इस अवसर पर विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे , कांग्रेस पार्षद गुड्डु चौहान, राकांपा (अजित) के राष्टीय प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार उमेश त्रिवेदी, विजयदत्त श्रीधर, एन.के.सिंह, सतीश सक्सेना, गिरीश उपाध्याय, राकेश अग्निहोत्री, विनोद तिवारी, संजय सक्सेना, नंदकिशोर मालवीय सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। दिवंगत आत्मा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।



## राजभवन में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर वृद्धि चिंतन करेंगे विद्वान

### "कर्मयोगी बनें" विषय पर कार्यशाला 28 मार्च को राज्यपाल श्री पटेल करेंगे कार्यशाला का शुभारंभ

भोपाल (ए.)। राजभवन में "कर्मयोगी बनें" विषय पर 28 मार्च 2025 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल सुबह 10:30 बजे कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यशाला में शामिल होंगे।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के. सी. गुप्ता ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्राचीन ज्ञान और आधुनिक नेतृत्व-विधाओं के साथ संयोजित कर उपयोग करने का प्रशिक्षण देना है। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में कर्मयोग के सिद्धांतों के समावेश, विकास और सेवा का वातावरण बना कर सकारात्मक बदलाव लाना है। कार्यशाला में मध्यप्रदेश के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलगुरू एवं कुलसचिव, पी.एम. एक्सीलेंस और स्वशासी कॉलेज के प्राचार्य सहित विभिन्न संकायों के प्राध्यापक शामिल होंगे।

तकनीकी सत्र "शैक्षणिक नेतृत्व और शिक्षा में कर्मयोग" विषय पर दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक होगा।

इस सत्र के मुख्य वक्ता मानव संसाधन क्षमता निर्माण आयोग और केन्द्र सरकार के 'मिशन कर्मयोगी' के सदस्य प्रो. बालासुब्रमण्यम, ग्लोबल कन्वर्टर यूनाइटेड कॉन्शसनेस के संयोजक डॉ. विक्रांत सिंह तोमर, आई.आई.टी. कानपुर बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. के. राधाकृष्णन और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली की कुलपति प्रो. शांतिश्री धुलीपुडी पंडित होंगे। "एक कर्मयोगी शिक्षाविद्-चुनौतियां और उसके समाधान" विषय पर चर्चा एवं संवाद सत्र का आयोजन दोपहर 2:30 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में मंगलवार को एडीएम सिद्धार्थ जैन, डिप्टी कलेक्टर मोहम्मद इकबाल, निधि चौकसे, अजय शर्मा एवं अन्य अधिकारियों ने जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 125 आवेदन प्राप्त हुए।एडीएम जैन ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## भोपाल में आरएसएस के अध्ययन में बड़ा खुलासा, मुस्लिम बाहुल्य इलाके से हिंदू परिवार कर रहे पलायन

### >>> कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि यह रिपोर्ट सही है तो यह प्रदेश की भाजपा सरकार की बड़ी नाकामी

RSS

भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल के मुस्लिम बाहुल्य इलाके से हिंदुओं का पलायन हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की अध्ययन रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। वहीं, इस पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि यह रिपोर्ट सही है तो यह प्रदेश की भाजपा सरकार की बड़ी नाकामी है।

राजधानी भोपाल के पुराने शहर यानी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से हिंदुओं का तेजी से पलायन हो रहा है। यह खुलासा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की अध्ययन रिपोर्ट में हुआ है। संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। उसने मध्यभारत क्षेत्र में एक व्यापक सामाजिक अध्ययन किया है। इस अध्ययन के दौरान 103 प्रकार की समस्याओं की पहचान की गई है, जो प्रत्येक जिले के हिसाब से अलग-अलग हैं। संघ के अनुसार भोपाल के पुराने शहर में जनसंख्या संरचना में तेजी से बदलावा देखने को मिला है। पिछले तीन दशकों में करीब तीन हजार हिंदू परिवारों ने अपने मकानबेचे, जिन्हें दूसरे समुदायों के लोगों ने खरीदा है। इस बदलाव को लेकर संघ ने चिंता जताई है और इसे सामाजिक संतुलन में बदलाव का संकेत बताया है। संघ द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भोपाल के शाहजहानाबाद, मंगलवारा, बुधवारा, कोहेफिजा, सिंधी कॉलोनी, कबाड़खाना, टीलाजमालपुरा, चौकसेनगर और ग्रीन पार्क कॉलोनी में हिंदू परिवारों की संख्या में गिरावट आई है। जिसके अनुसार कोहेफिजा में 1990 में हिंदू-मुस्लिम अनुपात 80:20 था, यानी हर 100 परिवारों में 80 हिंदू और 20 अन्य धर्मों के लोग थे। लेकिन अब यह अनुपात 30-70 हो गया है। वहीं, शाहजहानाबाद, मंगलवारा और बुधवारा में भी 1990 में आबादी अनुपात 80-20 था, जो अब घटकर 30-70 रह गया है। किराए पर रहने वाले कई हिंदू परिवार भी पुराने भोपाल से नई बसाहटों की ओर जा रहे हैं।

### सिविल सप्लाई कार्पोरेशन की संगठनात्मक संरचना में सुधार का प्रस्ताव तैयार करें : गोविंद सिंह राजपूत

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन की संगठनात्मक (ओ.एस.) में सुधार के लिये प्रस्ताव तैयार करें। जरूरत हो तो इसके लिये कंसल्टेंट की सेवाएँ भी ली जा सकती हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह निर्देश कार्पोरेशन की संचालक मण्डल की बैठक में दिये। उपार्जन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने निर्देश दिये कि मैदानी स्तर पर उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। मंत्री श्री राजपूत ने उच्च अधिकारियों को भी उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश देते हुये कहा कि वह स्वयं भी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।

खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि कार्पोरेशन में रिक्त पदों की भर्ती जल्द करें।

## भोपाल में 2 दिन में पूरा हो जाएगा स्वच्छता सर्वेक्षण का सर्वे, खंती, STP, कामर्शियल मार्केट पहुंची टीम

भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल में स्वच्छ सर्वेक्षणकी टीम बुधवार को भानपुर खंती, महोली दामखेड़ा स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और कामर्शियल मार्केट का निरीक्षण करने पहुंची। सर्वे टीम पूरे दिन जोन 14, 15, 16, 17 और 21 के इलाकों में सक्रिय रही। अब तक नगर निगम के 85 वार्डों में से 60 से अधिक वार्डों का सर्वे पूरा किया जा चुका है। शेष पांच जोन के वार्डों का सर्वे भी अगले दो दिनों में पूरा होने की संभावना है।




**भोपाल की रैंकिंग में सुधार की उम्मीद**

निगम अधिकारियों के अनुसार सर्वेक्षण अब तक सुचारू रूप से चल रहा है, जिससे भोपाल की रैंकिंग में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। राजधानी में स्वच्छता सर्वेक्षण का यह कार्य एक सप्ताह से जारी है, जिसमें टीम शहर के पार्क, तालाब, फुटपाथ, बाजार, रहवासी कालोनियों, फाउंटेन और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर रही है। अब तक जोन 18, 19, 13, 7, 8, 10, 11, दो, एक, 16, 17 और 12 के सभी वार्डों का सर्वे पूरा हो चुका है। वहीं, जोन तीन, चार, पांच, छह, नौ, 14, 15, 20 और 21 के कुछ वार्डों का सर्वे अभी बाकी है।

## कर्मश्री" का हिंदू नववर्ष उत्सव- 29 मार्च को भोपाल में कवि सम्मेलन, 30 हजार से अधिक श्रोता होंगे शामिल




भोपाल, (ए.)। राजधानी भोपाल में शनिवार को ''कर्मश्री'' संस्था द्वारा आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के रूप में हिंदू नववर्ष का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन ''अटल पथ'' पर प्लैटिनम प्लाजा माता मंदिर, तात्या टोपे नगर में रात 8 बजे से शुरू होगा। इस वर्ष यह आयोजन 25वें साल में प्रवेश कर रहा है, और कोविड-19 के समय को छोड़कर यह आयोजन निरंतर होता रहा है। कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष और हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि हिंदू नववर्ष के अवसर पर यह कवि सम्मेलन हमेशा की तरह भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस साल के आयोजन में देशभर के मशहूर कवि शामिल होंगे, जिनमें शशिकांत यादव शशि (देवास), पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी (नई दिल्ली), डॉ. सुरेंद्र दुबे (रायपुर), कविता तिवारी (लखनऊ), डॉ. अनिल चौबे (वाराणसी) और कई अन्य प्रमुख कवि शिरकत करेंगे। इस कवि सम्मेलन में 30,000 से अधिक श्रोता शामिल होंगे।

## डिप्टी रेंजर पर आदिवासी महिला से अश्लील हरकत का आरोप, भीड़ ने की पिटाई

भोपाल (आरएनएस)। खोड़ चौकी क्षेत्र में एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां डिप्टी रेंजर पर आदिवासी महिला से सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि आरोपी डिप्टी रेंजर शराब के नशे में धुत्त था और उसने महिला से अभद्र व्यवहार किया।

# मंत्री श्री सारंग ने किया दो दिवसीय 'विकसित भारत युवा संसद' के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ

## देश के युवा अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध करें : मंत्री विश्वास कैलाश सारंग

भोपाल, (ए.)। मध्यप्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को दो दिवसीय राज्य स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद-2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 'विकसित भारत 2047' के संकल्प का आह्वान किया है। यह संकल्प तभी साकार होगा जब देश के युवा अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध करें। मंत्री श्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के युवा ही देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माता हैं। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'विकसित भारत युवा संसद' का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सबसे विस्तृत लिखित संविधान है, जो नागरिकों को अधिकार प्रदान करता है, लेकिन इसके साथ ही कर्तव्यों का पालन भी अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और कर्तव्यों का पालन करते हुए देश के नवनिर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। युवाओं को मिला राष्ट्र निर्माण में योगदान का मंच मंत्री श्री सारंग ने कहा कि विकसित भारत युवा संसद एक ऐसा मंच है, जो युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपने विचार और दृष्टिकोण रखने का अवसर प्रदान करता है।



यह आयोजन न केवल युवाओं को संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की समझ विकसित करने में सहायक होगा, बल्कि उन्हें अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी जागरूक करेगा। कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्री सारंग ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने विचारों को आत्मसात करें और भारत के नवनिर्माण में सार्थक योगदान दें।राज्य स्तरीय युवा संसद में 200 प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 20 नोडल जिलों से चयनित 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने भारतीय संविधान के 75 वर्षों की यात्रा और संविधान दिवस के 11 संकल्प विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों को अपने वकत्व्य के लिए तीन मिनट का समय दिया गया। इस दो दिवसीय युवा संसद के माध्यम से प्रदेश स्तर पर शीर्ष 3 प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा, जो राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती रीति पाठक, विधायक अशीष शर्मा, मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह, सचिव अरविंद शर्मा, डॉ. अशोक कुमार श्रोती, नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक ी राकेश सिंह तोमर सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## निगम के अतिक्रमण निरोधक अमले ने विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही करते हुए गन्ने की चरखियां, ठेले, नाली के ऊपर से अवैध फर्शियां, मोबाईल की दुकान, काउंटर, फुल्की ठेला, रेत, गिट्टी, चेम्बर के ऊपर से अवैध पक्का निर्माण, चार पहिया वाहन व अन्य अतिक्रमण हटवाकर टेबिल, लोहे की जाली, छत ठेले, लोहे का बोर्ड, नीबू पानी के ठेले, फायबर कैरेड, चैन बॉडी, पान पार्लर टायर टूटे, छत ठेला टायर टूटा, काउंटर आदि सहित विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया।

# अनुमति 2500 क्विंटल की; भर रखा था 15772 क्विंटल, प्रशासन ने जब्त किया पांच करोड़ का अवैध गेहूं

टीकमगढ़ (ए.)। टीकमगढ़ जिला प्रशासन ने कृषि उपज मंडी में छापामार कार्रवाई कर 15,772 क्विंटल अवैध गेहूं जप्त किया, जिसे ट्रकों से रेलवे रेक के माध्यम से बाहर भेजा जा रहा था। यह कार्रवाई कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल, तहसीलदार और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

**नियमों के विपरीत भंडारण और परिवहन**

एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल ने बताया कि किसी भी व्यापारी को 250 टन (2,500 क्विंटल) से अधिक गेहूं रखने या बिना अनुमति बाहर भेजने की इजाजत नहीं है। लेकिन अमर ट्रेडर्स के मालिक अमित जैन द्वारा 15,772 क्विंटल गेहूं अवैध रूप से ट्रकों में लोड कर रेलवे रेक के माध्यम से अन्य राज्यों में भेजा जा रहा था। प्रशासन को इसकी गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर मंडी में छापामार कार्रवाई की गई और गेहूं को जप्त कर लिया गया।

**बिना वैध दस्तावेजों के हो रहा था परिवहन**


कार्यवाही करते एसडीएम।

एसडीएम ने बताया कि यह गेहूं बिना वैध दस्तावेजों और फर्म में चढ़ाए बिना ट्रकों में लादकर रेलवे स्टेशन पहुंचाया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे गेहूं को जप्त कर लिया। अब इस मामले में आगे की जांच के लिए कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

**लंबे समय से चल रहा था गोरखधंधा**

सूत्रों के अनुसार, मंडी में कई व्यापारियों द्वारा टैक्स चोरी कर बिना रिकॉर्ड के गेहूं बाहर भेजने का खेल लंबे समय से चल रहा था। व्यापारी फर्जी बिलों के सहारे या बिना किसी दस्तावेज के रेलवे के माध्यम से बड़ी मात्रा में गेहूं बाहर भेज रहे थे। प्रशासन को इसकी गुप्त सूचना मिलने के बाद यह बड़ी कार्रवाई की गई।

**5 करोड़ रुपये मूल्य का गेहूं जब्त**

एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल के अनुसार, पकड़े गए गेहूं की अनुमानित कीमत 5 करोड़ रुपये है। प्रशासन ने समय रहते छापेमारी कर इस अवैध गतिविधि को रोक लिया और ट्रकों में लदा पूरा गेहूं जप्त कर लिया गया। अब इस मामले में अमित जैन सहित अन्य संबंधित व्यापारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मां चिल्लाती रही...कमरे से लड़का बोला 'आज मेरी आखिरी रात', पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को मारी गोली; मौत



शाजापुर (ए.)। शाजापुर जिले के सलसलाई थाना क्षेत्र के ग्राम बाड़ीगांव में मंगलवार देर रात एक युवक ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। युवक के शव के पास एक चाकू भी पड़ा हुआ था, जबकि कमरे में खून फैला हुआ था।

सलसलाई थाना प्रभारी जनक सिंह रावत ने बताया कि ग्राम बाड़ीगांव निवासी देवेंद्र (पिता धनसिंह गुर्जर) ने खुद को गोली मारकर जान दे दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल शाजापुर भेजा गया है। आत्महत्या के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। टीआई रावत ने बताया कि देवेंद्र शराब का आदी था और घटना के समय भी नशे की हालत में था। परिजनों के अनुसार, युवक देर रात घर पहुंचा और सीधे अपने कमरे में चला गया।

## खाई में जा गिरे दो नए ट्रैक्टर, हादसे में एक ड्राइवर की मौत और दूसरा घायल



सागर (ए.)। सागर जिले के देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे-44 पर मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात करीब 12:30 बजे सोनालिका कंपनी के नए दो ट्रैक्टर पलटकर खाई में गिर गए, जिसमें एक ट्रैक्टर चालक गजेंद्र पिता राजेंद्र दांगी 26 साल निवासी ग्राम पड़रई की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, दूसरे ट्रैक्टर का चालक घायल हो गया है।

घायल अभिषेक पिता संतोष दांगी (23) निवासी ग्राम पड़रई ने बताया कि वह लोग भोपाल से सोनालिका कंपनी के दो नए ट्रैक्टर लेकर देवरी के रोहित ट्रैक्टर एजेंसी के लिए ला रहे थे। दोनों ट्रैक्टर टोचिंग कर चलाकर ला रहे थे, जो कि फोरलेन पर ट्रक को साइड देने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक गजेंद्र दांगी ने अचानक ट्रैक्टर सड़क के किनारे मोड़ दिया, जिससे उनके पीछे का पहिया दूसरे ट्रैक्टर के अगले पहिए में फंस गया और दोनों ट्रैक्टर नीचे खाई में गिर गए, जिससे गजेंद्र दांगी ट्रैक्टर के नीचे दब गया। उसके सिर और सीने में गंभीर चोट आई।

## पुलवामा से गायब लड़की की लोकेशन ग्वालियर मिली, बहन की तलाश में दो भाइयों ने एसपी से लगाई गुहार




ग्वालियर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा से ग्वालियर पहुंची एक नाबालिग को ढूंढते हुए उसके भाई आज ग्वालियर पहुंचे और एसपी ऑफिस पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई।नाबालिग किशोरी के भाइयों ने बताया कि ग्वालियर के रायरु गांव का रहने वाला ट्रक ड्राइवर विशाल शर्मा उनकी छोटी बहन को बहला-फुसला कर अपने साथ ग्वालियर लाया है, जिसकी गुमशुदगी भी उन्होंने कश्मीर के पुलवामा जिले में दर्ज कराई है। विशाल शर्मा ट्रक ड्राइवर के साथ ही ब्लॉगर भी है और इंस्टाग्राम के जरिए उसकी बहन से दोस्ती की थी। बाद में करीब 15 दिन पूर्व उसे बहला-फुसला कर अपने साथ लेकर आए हैं।

ग्वालियर में रहने वाले उनके दोस्त सोनू गुर्जर और विवेक शर्मा इस काम में उनके मददगार हैं। वे बहन को ढूंढते हुए ग्वालियर पहुंचे हैं। लेकिन अब बहन का और आरोपी युवक का मोबाइल बंद आ रहा है। विशाल शर्मा द्वारा बहन के साथ कुछ फोटो भी इंस्टाग्राम पर डाले गए थे। लेकिन अब उनको डिलीट कर दिया गया है। हमने पुलिस से जल्द से जल्द अपनी बहन को ढूंढने की गुहार लगाई है।

## चाय की दुकान पर पथरबाजी करने का मामला, चार लड़कों पर पुलिस ने किया मामला दर्ज; जानें सबकुछ

देवास (ए.)। सिविल लाइन थाना अंतर्गत कर्मदीप चौराहे पर स्थित चाय की दुकान पर मारपीट और पत्थरबाजी की घटना सामने आई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने चार लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद के निर्देश पर थाना प्रभारी रोहित पटेल ने तत्काल कार्रवाई की।

# नाबालिग से कट्टा अड़ाकर दुष्कर्म, वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल

ग्वालियर ()। एक नाबालिग से उसके ही दोस्त ने कट्टा अड़ाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान वीडियो भी बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए उसके साथ कई बार संबंध बनाए। उसे अपने दोस्तों की मदद से अगवा कर लिया। जब पता लगा कि ग्वालियर में परिजन पुलिस के पास पहुंच गए हैं तो उसे छोड़कर भाग गया।

शोषण की शिकायत नाबालिग ने ग्वालियर महिला थाना में मामले की शिकायत की है। इस पर तत्काल महिला थाना पुलिस ने शून्य पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज कर लिया है। अब इस मामले में आगे की कार्रवाई के लिए केस डायरी करहिया थाना पुलिस को भेजी गई है।

जानकारी के अनुसार, ग्वालियर देहात के करहिया थाना क्षेत्र निवासी सोलह वर्षीय नाबालिग दसवीं की छात्रा है। भितरवार निवासी अंकित कुशवाह पुत्र जसवंत कुशवाह की बुआ उसके गांव में रहती है। इसके चलते उसका गांव में



आना-जाना था। इस दौरान नाबालिग और अंकित के बीच दोस्ती हो गई।दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत भी होने लगी। पीड़िता मवेशियों के लिए चारा लेने जा रही थी। उसे खेत की तरफ जाते देख अंकित पीछे से आया और उसे खेत में खींचकर गलत हरकत करने लगा।नाबालिग ने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी कनपटी पर कट्टा अड़ाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने दुष्कर्म करने के साथ ही फोटो और वीडियो बना लिए। छात्रा बदनामी के चलते चुप रही।

इसके बाद से आरोपी उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। कल उसका कॉल आया और उसने कहा कि उसका दोस्त अर्जुन तथा एक अन्य युवक करहिया आ रहे हैं। वह दोनों के साथ मिलने आ जाए। नाबालिग ने मना किया तो आरोपी उसे फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। घबराकर पीड़िता उनके साथ चली गई।

दोनों आरोपी उसे लेकर झांसी रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां पता चला कि पुलिस में उसकी गुमशुदगी दर्ज हो गई है। इस पर वह उसे वापस डबरा छोड़कर भाग गए।

## खाई में जा गिरे दो नए ट्रैक्टर, हादसे में एक ड्राइवर की मौत और दूसरा घायल

इंदौर (ए.)। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीएम) का बजट बुधवार को पेश किया गया है। इसमें बताया गया कि इस साल सड़क निर्माण,स्टार्टअप पार्क, अनाज मंडी, ब्रिज सहित अन्य विकास कार्यों पर डेढ़ हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्राधिकरण ने 88 करोड़ रुपये फायदे का बजट पेश किया है। सबसे ज्यादा राशि 275 करोड़ रुपये सड़क निर्माण पर खर्च की जाएगी। उज्जैन रोड से बाइपास को जोड़ने के लिए इस साल एमआर-12 सड़क बनाई जाएगी।

आठ लेन की इस सड़क पर छह ब्रिज भी बनेंगे। मोरोद माचल क्षेत्र में एक अनाज मंडी भी बनाई जाएगी। फिर छावनी मंडी को वहां शिफ्ट कर




दिया जाएगा। प्राधिकरण संगीत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालयों में गैर योजना मद में सभागृह भी बनाएगा। इसके अलावा विद्युतीकरण पर 73 करोड़ और ब्रिजों के निर्माण पर 196 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बड़े आवासीय, व्यावसायिक, स्वास्थ्य और शिक्षा भू-उपयोग के प्लॉट भी बेचे जाएंगे।

संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि इस साल शहरवासियों को एमआर-10 पर नए बस स्टेशन और वरिष्ठ जनों के काम्प्लेक्स की सुविधा मिल जाएगी। 32 फ्लैटों के इस काम्प्लेक्स में वाहनों की पार्किंग के अलावा फिजियोथैरेपी कक्ष, एम्बुलेंस सेवा भी रहेगी।

-सुपर कॉरिडोर पर स्टार्टअप पार्क बनाया जाएगा। 20 मंजिला बिल्डिंग में छोटी कंपनियों को स्पेस उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा एक कन्वेंशन सेंटर और एक होटल भी इस स्कीम में प्रस्तावित है।

- शहर में चार सीएम राइज स्कूल भी प्राधिकरण बनाएगा। इसके लिए बजट में 46 करोड़ रुपये रखे गए है। इस योजना में सरकार ने प्राधिकरण को निर्माण एजेंसी बनाया है।

# व्यापार समाचार

## सोना सुस्ती के साथ खुला, चांदी की तेज शुरुआत

**- सोने के भाव 87,500 रुपए, चांदी 99,400 रुपए**

नई दिल्ली (ए.)। देश के सराफा बाजार में गुरुवार को सोने की सुस्त शुरुआत हुई है, वहीं चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव 87,500 रुपये पर कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 99,400 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि सोना गिरावट के साथ खुला। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 15 रुपये की गिरावट के साथ 87,539 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 87,554 रुपये था। इस समय यह 35 रुपये की गिरावट के साथ 87,519 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 2031 तक 16.7 लाख करोड़ रुपये खर्च करेगा रेलवे, रिपोर्ट में दावा



नई दिल्ली (ए.)। रेलवे ने 2031 तक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 2031 तक 16.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह पैसा स्टेशनों को अपग्रेड करने, फ्रेड कॉरिडोर बनाने, हाई स्पीड रेल परियोजनाओं और पटरियों के विद्युतीकरण पर खर्च होगा। इन परियोजनाओं से रेलवे को अपना परिचालन बढ़ाने की मदद मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है, " भारतीय रेलवे ने 2031 तक फ्रेट कॉरिडोर, एचएसआर और स्टेशन अपग्रेड में लगभग 16.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। प्रमुख परियोजनाओं में 1,309 स्टेशनों का पुनर्विकास और डीएफसी का विस्तार शामिल है"।

रिपोर्ट के अनुसार रेलवे 1,309 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और समर्पित फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के विस्तार को प्राथमिकता दे रहा है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी बढ़ रही है। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) जैसी प्रमुख कंपनियां इन परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण अनुबंध हासिल कर रही हैं।

इस निवेश का एक प्रमुख उद्देश्य रेलवे की गति और दक्षता में सुधार करना है। सरकार लॉजिस्टिक्स बढ़ाने और परिवहन लागत को कम करने के लिए नए एचएसआर कॉरिडोर और अतिरिक्त डीएफसी के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रेलवे के लिए बजट आवंटन लगातार बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 21 में परिव्यय 1.55 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में अनुमानित 2.65 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस अवधि में 14 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई। रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास इस योजना का एक प्रमुख हिस्सा है।

रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने स्टेशन उन्नयन के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण का मार्ग चुना है। फरवरी 2024 तक 508 स्टेशनों पर काम शुरू हो चुका है, जबकि शेष स्टेशनों का निर्माण चरण अभी शुरू होना बाकी है।

## कारोबारियों को गेहूं के स्टॉक की हर हफ्ते देनी होगी जानकारी, सरकार ने आधरिकारिक बयान जारी किया



नई दिल्ली (ए.)। सरकार ने खाद्य सुरक्षा के प्रबंधन और बाजार में कालाबाजारी को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने एक व्यापक रणनीति के तहत एक अप्रैल से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं के स्टॉक की साप्ताहिक रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, निर्देश के तहत, सभी कानूनी संस्थाओं को अगली सूचना तक हर शुक्रवार को सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर अपने गेहूं स्टॉक की स्थिति घोषित करनी होगी।

वर्तमान में गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च को समाप्त हो रही है। खाद्य व सार्वजनिक वितरण विभाग कीमतों को नियंत्रित करने और पूरे देश में गेहूं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खुलासों पर बारीकी से नजर रखेगा। बयान के अनुसार, जो संस्थाएं अभी तक पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हुई हैं, उनसे आग्रह किया गया है कि वे तुरंत ऐसा करें और अपनी साप्ताहिक स्टॉक रिपोर्टिंग शुरू करें।




## ट्रस्त्र- भारत की GDP इसी वित्तीय वर्ष में जापान से आगे निकलने को तैयार, 2027 तक जर्मनी को भी पीछे छोड़ सकते हैं हम

नई दिल्ली (ए.)। भारत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही तक जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह दावा किया है।

देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पिछले दशक में दोगुने से भी अधिक हो गया है, जो 2015 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2025 में अनुमानत: 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा।

आईएमएफ के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत, जो वर्तमान में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जापान के करीब पहुंच रहा है, जिसका जीडीपी 4.4 ट्रिलियन डॉलर है। पिछले दस सालों में भारत की अर्थव्यवस्था में 105त्न की वृद्धि हुई है, जबकि जापान की जीडीपी स्थिर बनी हुई है।

यदि भारत इसी विकास पथ पर आगे बढ़ता रहा, तो वह 2027 की दूसरी तिमाही तक 4.9 ट्रिलियन डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ भार दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी को भी पीछे छोड़ सकता है।

# शेयर बाजार में सात दिनों से जारी बढ़त पर ब्रेक; सेंसेक्स 729 अंक टूटा, निफ्टी 23500 के नीचे

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक पिछले सात दिनों की बढ़त के बाद बुधवार को लाल निशान पर बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक या 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 822.97 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 77,194.22 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 181.80 अंक या 0.77 प्रतिशत गिरकर 23,486.85 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 पैसे बढ़कर 85.69 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ।

**बैंकिंग और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली**

बैंकिंग और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली के चलते बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सात दिन से जारी तेजी थम गई और ये बुधवार को करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले सात कारोबारी दिनों में बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स 4,188.28 अंक या 5.67 फीसदी उछला। इसी अवधि में निफ्टी 1,271.45 अंक या 5.67 फीसदी चढ़ा।



**सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल**

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जोमैटो, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अगले सप्ताह अमेरिका द्वारा टैरिफ की घोषणा किए जाने के बाद हाल की बढ़त के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखी गई। फार्मा और आईटी जैसे अमेरिकी बाजार में अधिक निवेश वाले क्षेत्रों में कुछ बिकवाली का दबाव देखा गया।"

**एफआईआई ने 5371.57 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी**

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 5,371.57 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत बढ़कर 73.44 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

मंगलवार को बीएसई का सेंसेक्स 32.81 अंक या 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,017.19 अंक पर बंद हुआ था।

## राजस्थान से लेकर यूपी तक पेट्रोल की कीमतों में नरमी

**- ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़त के साथ 73.28 डॉलर प्रति बैरल**



नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक बाजार में भले ही कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर उछाल दिख रहा है, लेकिन घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में गिरावट दिख रही है। सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार को जारी तेल की खुदरा कीमतों में कटौती कर दी है। इससे राजस्थान से लेकर यूपी के कई शहरों में तेल की कीमतों में नरमी दिख रही है। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में बुधवार को भी कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 26 पैसे सस्ता होकर 94.44 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 30 पैसे गिरा और 87.51 रुपये लीटर पहुंच गया है। राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 11 पैसे चढ़कर 94.69 रुपये और डीजल 13 पैसे बढ़त के साथ 87.81 रुपये लीटर हो गया है। राजस्थान के प्रमुख शहर जोधपुर में पेट्रोल 17 पैसे गिरकर 105.54 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 16 पैसे सस्ता होकर 90.05 रुपये लीटर बिक रहा है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## खालिस्तानी गतिविधियों पर अंकुश लगाएं

यह संयोग मात्र है कि भारत ने न्यूजीलैंड और अमेरिका, दोनों से साफ तौर पर कहा कि वे अपने देश में भारत विरोधी विशेषकर खालिस्तानी आतंकी समूहों पर लगाम लगाएं।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात के बाद उनके देश में चलाए जा रही भारत विरोधी गतिविधियों से अवगत कराया।


दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ बातचीत के दौरान अमेरिका में सक्रिया खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) की भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। लोगों को याद होगा कि इन दिनें अमेरिका में हिन्दू मंदिरों पर लगातार हमले हुए हैं जिनमें एसएफजे का हाथ बताया जा रहा है।

रक्षा मंत्री ने हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की और एसएफजे को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। अभी पिछले सप्ताह पंजाब के अमृतसर में ठाकुरद्वारा मंदिर पर ग्रेनेड से हमला किया गया था। पंजाब में नवम्बर, 2023 से अब तक यह 13वीं आतंकी घटना है।

कुछ शरारती तत्व यहां अलगाववाद और उग्रवाद को फिर से जीवित करने के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जाहिर है कि ऐसी घटनाओं से सामाजिक ताना-बाना को खतरा पैदा हो सकता है। इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि विदेशी ताकतें इन उग्रवादी समूहों को लॉजिस्टिक मदद मुहैया कराती हैं। कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन में सिख फॉर जस्टिस काफी सक्रिय है।

पंजाब में हाल के दिनों में जो आतंकी घटनाएं हुई हैं, उनकी जांच के बाद जो तथ्य सामने आए हैं, उनके आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि इनका संबंधी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स और बब्बर खालसा से है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तुलसी गबार्ड को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा के साथ सिख फॉर जस्टिस के कनेक्शन की भी जानकारी दी। सबसे अच्छी बात यह है कि पंजाब की छुट-पुट आतंकी घटनाअें को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़े परिप्रेक्ष्य में देखा और गंभीरता से लिया।


केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में संसद भवन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की.

# कला के मंच भी करते हैं दुनिया को सचेत

ऋतुपर्ण दवे/

आज विश्व रंगमंच दिवस है। रंगमंच कला के महत्व की जागरूकता बढ़ा जश्न मनाने का दिन है। रंगमंच शब्द ग्रीक शब्द थिएट्रॉन से लिया गया है जिसका अर्थ है देखने की जगह। भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। भरत मुनि को नाट्यशास्त्र के लिए जाना जाता है। हमारे रंगमंचीय इतिहास बहुत पुराना है। शुरू से यही वो माध्यम है जिसे समझकर उसके सौंदर्य और महत्व, के साथ मनोरंजन के माध्यम से दैनिक जीवन में जश्न यानी खुशी प्रदर्शित की जाती है। विश्व रंगमंच दिवस इसी का प्रतीक है। रंगमंच वह विधा भी है जिससे दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को भी मंच के जरिए सूचित व सचेत किया जाता है कि समाज की ऐसी संस्थाओं और लोगों के प्रति कैसी जनधारणा है।वास्तव में यह अभिव्यक्ति की वह कला है जिसमें कलाकार वास्तविक जीवन या घटनाओं का एक तरह से नाट्य रूपांतरण यानी रिक्रिएशन करते हैं, दोहराते और याद दिलाते हैं। इसे मनाने की शुरुआत 1961 से हुई थी। 27 मार्च, 1962 को, विश्व रंगमंच दिवस अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों, उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। अब, यह दिन विश्व के 90 से अधिक केंद्रों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियाँ, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं। संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है इस दिन एक विशेष संदेश जारी किया जाता है, जो किसी प्रमुख रंगमंच हस्ती द्वारा लिखा जाता है। यह संदेश रंगमंच की भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर वर्ष इसकी एक अलग थीम होती है। इस बार की थीम रंगमंच और शांति की संस्कृति है।



जैसा कि नाम से ही साफ है, इस झुलसती और तृतीय विश्व युध्द की आहट के बीच बढ़ रही दुनिया को बड़ा संदेश देना उद्देश्य है।

जैसा कि साफ है रंगमंच या थिएटर प्रदर्शन वास्तव में कला के जरिए जीवंत प्रस्तुति,अभिव्यक्ति, स्वीकरण या अस्वीकरण का वह तरीका है जिसमें कलाकार किसी वास्तविक या काल्पनिक घटना के अनुभव को किसी विशिष्ट स्थान, पर आकर सामने नाट्या प्रदर्शन करते है। यह न तो रिकॉर्डेड होता है न ही बार-बार के रिटेक जैसी सुधार की संभावनाएं होती है। वास्तव में जीवंत प्रदर्शन बड़ी चुनौती सरीखे होती है जिसे कलाकार साक्षात प्रस्तुत कर उसमें जीते हुए दिखते हैं। जो बहुत ही आनन्दित करता है। निश्चित रूप से यह न केवल कठिन कार्य है बल्कि अभिनय की वह चुनौती है जिसे सामने बैठे दर्शकों के समक्ष मंच पर कलाकार करते हैं। एक तरह आज की भाषा में यह लाइव प्रदर्शन ही है।

अपने संवाद, हाव-भाव, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य के संयोजन से की जा रही जीवंत प्रस्तुतियों का दर्शकों पर एक अलग छाप व प्रभाव पड़ता है ।ऐसे मंचन समाज के लिए न केवल बड़े संदेश देते हैं बल्कि कला के तत्व, और कृत्रिम संसाधनों जैसे चित्रित दृश्य और स्टेज क्राफ्ट व प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर वो अनुभव की भौतिकता, उपस्थिति और तात्कालिकता भी बढ़ाते हैं। समय के साथ-साथ इसमें काफी बदलाव भी आया है। आधुनिक रंगमंच में नाटकों और संगीत थिएटर का प्रदर्शन भी शामिल होने से यह और भी आकर्षक और लोकप्रिय होते जा रहे हैं।

रंगमंच कला भी कई रूप ले चुकी है। बैले और ओपेरा थिएटर की वो प्रस्तुतियां बन गईं हैं जिसमें पारंपरिक रूप से किए जाने अभिनय, वेशभूषाओं का उपयोग किया जाता है। समय के साथ इस कला का भी विकास आधुनिक होते हुए भी काफी हद तक पारंपरिक भी है। यह दिन थिएटर कला के महत्व और मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए भी मनाया जाता है ताकि उनका उपयोग शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है। वास्तव में एक खास दिन इसको समूचे विश्व में एक साथ मनाने के पीछे भी बहुत बड़ी और व्यापक सोच है। रंगमंच के मूल्य के बारे में जागरूक करना, रंगमंच समुदायों को अपने काम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में सक्षम बनाना, दुनिया भर के रंगमंच कर्मियों और संगठनों को आपस में जोड़ना और एक-दूसरे परिचित कराना। विश्व में अलग-अलग रूपों में प्रचलित रंगमंच विधाओं का न केवल आनंद लेना बल्कि दूसरों के साथ आनंद साझा करना है।

वास्तव में विश्व रंगमंच दिवस हमें रंगमंच के विभिन्न रूपों का जश्न मनाने और हमारे समाज में उनके महत्व की सराहना करने का मौका भी देता है।

# विश्व को नया आकार देने वाले भू-राजनीतिक रुझानों से निपटना

अमिताभ कांत

ट्रम्प प्रशासन अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' की नीतियों पर दोगुना जोर दे रहा है। ट्रम्प प्रशासन अतीत के गठबंधनों को फिर से परिभाषित और पुनर्लेखन करने का काम भी कर रहा हैजिसकी गूंज यूरोप और एशिया में उनके सहयोगियों द्वारा महसूस की जा रही है। इन कदमों का उद्देश्य व्यापार संतुलन में सुधार और सार्वजनिक व्यय को कम करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अमेरिका ने पेरिस समझौते वविश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से खुद को अलग कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से भी वह पहले ही अलग हो चुका है। ये कदम वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में एक शून्य पैदा कर रहे हैं। यह शून्य लंबे समय तक नहीं रहेगा-इसे प्रतिस्पर्धी शक्तियों द्वारा भरा जाएगा। अमेरिका सबसे शक्तिशाली बना हुआ है औरहम एक बार फिर एक बहुध्रुवीय दुनिया का उदय देख रहे हैं। विखंडित वैश्वीकरण, तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई, ऊर्जा की भू-राजनीति और ढहता वैश्विक शासन विश्व को नया आकार देने वाले प्रमुख भू-राजनीतिक रुझान हैं जिनसे भारत को निपटना होगा।

वैश्वीकरण का विखंडन

जैसा कि हम जानते हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में हमने जो वैश्वीकरण का युग देखा था, वह समाप्त होने वाला है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से, हमने वैश्वीकरण का विखंडन देखा है। व्यापार युद्धों ने इस विखंडन को और तेज़ कर दिया है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा कियाऔर इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया। ट्रम्प प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ़ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ़, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज़्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ़ बिक्री की वस्?तुओं के बारे में नहीं रह गए हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं। देश ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्योगों में संरक्षणवाद और क्षमताओं का निर्माण करने का सहारा ले रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अधर में लटके होने के साथ, देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यापार समझौतों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। फ्रेंड-शोरिंग का उदय और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने का लक्ष्य भारत के लिए अवसर प्रस्तुत करता है। हम सही नीतियों, रणनीतिक द्विपक्षीय व्यापार सौदों और व्यापार सुगमता पर ध्यान केंद्रित करके विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर सकते हैं।

प्रौद्योगिकी: वैश्विक शक्ति के लिए युद्ध का मैदान

प्रथम औद्योगिक क्रांति से लेकर चौथी तक वैश्विक शक्ति गतिशीलता को आकार देने में प्रौद्योगिकी प्रमुख प्रेरक शक्ति रही है। आज के युग में, सेमीकंडेक?टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती हुई प्रौद्योगिकियां प्रमुख प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट्र तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए चिप निर्माण में अरबों रुपए डाल रहे हैं। एआईमें देशों और कंपनियों से समान रूप से बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। साथ ही, साइबर युद्ध और एआईद्वारा उत्पन्न जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। साइबर युद्ध पूरे ऊर्जा ग्रिड को बाधित कर सकता है या भुगतान और बैंकिंग प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है। एआईद्वारा संचालित भ्रामक सूचना चुनावों को बाधित कर सकते हैं और सामाजिक कलह को जन्म दे सकते हैं। एआईको दुनिया भर के समुदायों द्वारा आकार दिया जाना चाहिए, स्वामित्व में लिया जाना चाहिए और तैनात किया जाना चाहिए। हमें कुशलता से नवाचार करना चाहिए, कम से कम में अधिक करना चाहिए, ओपन सोर्स और सरल इंजीनियरिंग को बढ़ावा देना चाहिए और बहुभाषी और मल्टीमॉडल मॉडल बनाना चाहिए।

वैश्विक समुदाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी, नुकसान को सीमित करते हुए समावेशी हो। भारत मॉडल, जिसमें प्रौद्योगिकी का उपयोग विभाजन को बढ़ाने के बजाय उसे पाटने के लिए किया जाता है, दुनिया के लिए एक आदर्श हो सकता है।

ऊर्जा की भू-राजनीति और ऊर्जा परिवर्तन

स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव शक्ति गतिशीलता को फिर से परिभाषित कर रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों (लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ मृदा तत्वों) से समृद्ध राष्ट्र या इन महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को नियंत्रित करने वाले देश अधिक प्रभावशाली बन रहे हैं। आज, लगभग 70-80प्रतिशतदुर्लभ मृदा तत्वों(आरईई) निष्कर्षण और प्रसंस्करण चीन द्वारा नियंत्रित किया जाता है। दुनिया के 80 प्रतिशतसौर सेल चीन द्वारा उत्पादित किए जाते हैंऔर इसी तरह लगभग 70 प्रतिशतइलेक्ट्रिक वाहन बैटरी भी चीन द्वारा उत्पादित की जाती हैं। चीन पहले से ही तकनीकी अपनाने के मामले में आगे है, ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका पेरिस समझौते से बाहर हो गया है और इसके बजाय वह जीवाश्म ईंधन विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है। विकसित राष्ट्र पहले ही वैश्विक कार्बन बजट का 80 प्रतिशतहिस्सा खर्च कर चुके हैंऔर जी7 देशों से कोयले का चरणबद्ध तरीके से उन्मूलन अब 2030 के बजाय 2035 तक होगा। इसके अलावा, विकसित राष्ट्र विकासशील देशों को जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल हो रहे हैं। इससे विकासशील देशों के लिए अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत कम जगह बचती है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर हमारी दौड़ को वैश्विक गठबंधनों के नए रूपों की आवश्यकता है। देशों को अगली पीढ़ी के सौर पैनल, इलेक्ट्रोलाइज़र और वैकल्पिक सेल केमिस्ट्री (एसीसी) बैटरी जैसी तकनीक पर सहयोग करना चाहिए। भारत को निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपने घरेलू इकोसिस्टम का निर्माण जारी रखना चाहिए। हमें प्रसंस्करण और शोधन के लिए क्षमताओं का विकास करते हुए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापार साझेदारी भी सुरक्षित करनी चाहिए।

बढ़ते वैश्विक संघर्ष के बीच ढहता वैश्विक शासन

ऐसे समय में जब वैश्विक सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है, हमारे पास जो संरचनाएं हैं, वे विफल हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। वैश्विक तापमान पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस के सीमा को पार कर चुका है।




मेष राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की आपको सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आप जिस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, वह आज मिलेगा। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। मनोबल और आत्मविश्वास बनाये रखने से ही कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में लाभ पाने के लिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ेगी। साथ ही आज आपको किसी से भी उलझने से बचना चाहिए, ताकि आप अपना मन काम में लगा सके। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक रूप से आज आपको सफलता मिलेगी।

कर्क राशि: आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है। आज आप नये प्लान पर काम कर सकते हैं, जिससे आपको अच्छा लाभ होगा।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सफल होंगे। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं। आज बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कामों से आपको फायदा हो सकता है।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे होंगे। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ रिश्ते में मजबूती आएगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि लेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिलेगा, किसी भी मौके को हाथ से न जाने दें। इस राशि के जो लोग बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से वो आसानी से पूरा हो जाएगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा।

धनु राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको भविष्य में बड़े फायदे हो सकते हैं।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

कुंभ राशि:आज का दिन आपके लिए स्पेशल होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपको मिलेगा। स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में बिजी रहेंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। जो काम जरूरी नहीं है, उन कामों में अपना समय बर्बाद न करके रुका हुआ काम फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

# सीबीआई छापेमारी : छत्तीसगढ़ में राजनीतिक संघर्ष की नई गाथा

- सत्यप्रकाश दुबे

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके सहयोगियों के घरों पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (छ्व्रढ्ढ) की छापेमारी ने प्रदेश में एक बार फिर सियासी हलचल मचा दी है। यह कार्रवाई महादेव सट्टा एप मामले से जुड़ी हुई बताई जा रही है, जिसमें भूपेश बघेल, उनके परिवार, और कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आरोप लगे हैं। इस छापेमारी को लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है, और प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गरमाई हुई है। महादेव सट्टा एप घोटाला एक बड़ा वित्तीय घोटाला है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारी मात्रा में नकद लेन-देन हुआ था। इसके अंतर्गत कुछ पुलिस अधिकारियों और नेताओं पर आरोप हैं कि उन्होंने हर महीने लाखों रुपये के बदले इस घोटाले को संचालित किया। इस मामले में भूपेश बघेल, उनके बेटे चैतन्य बघेल, भिलाई के कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव, और कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम आए हैं। सीबीआई की इस कार्रवाई के पीछे यही आरोप हैं, जिनकी जांच जारी है। यह कार्रवाई पहले प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा की गई शराब घोटाले की जांच से जुड़ी हुई है, जिसमें भूपेश बघेल और उनके बेटे के खिलाफ आरोप लगे थे। इसी क्रम में अब सीबीआई ने भूपेश बघेल सहित कई अन्य नेताओं और अधिकारियों के घरों पर छापेमारी की है, जो महादेव सट्टा एप घोटाले से जुड़े हुए थे। सीबीआई की छापेमारी के बाद छत्तीसगढ़ के राजनीतिक माहौल में हलचल मच गई है। कांग्रेस और भाजपा दोनों पक्ष एक-दूसरे पर कड़ी टिप्पणियां कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि भाजपा ने सीबीआई को भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव के पीछे लगा दिया है, लेकिन यह सब सत्ता की हताशा के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कभी नहीं झुकेगी और न रुकेगी। कांग्रेस के इस बयान से साफ है कि वे सीबीआई की कार्रवाई को राजनीतिक साजिश मानते हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी इसे लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी बताया और आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही



है। उनका कहना था कि भाजपा हर नाकाम कोशिश के बाद अब सीबीआई को इस कार्रवाई में लगा रही है, जो पूरी तरह से सत्ता के अन्याय का हिस्सा है। उन्होंने भी कांग्रेस के नेताओं को विश्वास दिलाया कि सत्य और न्याय की जीत होगी। कांग्रेस नेता अमरजीत भगत ने भी भाजपा को एक कड़ा संदेश दिया और कहा कि ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए, औरों को शीतल करे आपहू शीतल हो के जरिए भाजपा को समझाया कि काम ऐसा करना चाहिए जिससे समाज में अच्छा संदेश जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भूपेश बघेल को हमेशा केंद्रीय एजेंसियों द्वारा निशाना बनाया जाता रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इससे डरने वाली नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सीबीआई की जांच में कांग्रेस नेताओं को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर केंद्रीय एजेंसियां भ्रष्टाचार की जांच कर रही हैं तो यह कोई दुर्भावना नहीं हो सकती, बल्कि यह न्याय का हिस्सा है। उनका मानना था कि राजनीति से प्रेरित आरोपों की बजाय सभी को जांच में सहयोग करना चाहिए और प्रक्रिया को सही तरीके से पूरा होने देना चाहिए। उनका कहना था कि कोई भी कार्रवाई चुनाव से पहले या बाद हो सकती है, लेकिन सबको न्याय के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। सीबीआई की टीम ने भिलाई-3 स्थित भूपेश बघेल के आवास, भिलाई सेक्टर-9 में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के ठिकानों पर दबिश दी। इनमें पुलिस अधिकारी डॉ. आनंद छाबड़ा, पूर्व एसपी दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव, और पूर्व एएसपी दुर्ग संजय ध्रुव शामिल हैं। इसके अलावा कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव और वरिष्ठ पत्रकार विनोद वर्मा के घरों पर भी जांच की जा रही है। रायपुर में पुलिस अधिकारियों शेख आरिफ और अभिषेक महेश्वरी के घर भी सीबीआई की टीम ने दबिश दी। इन सभी अधिकारियों और नेताओं के नाम महादेव सट्टा एप घोटाले से जुड़े मामलों में पहले ही सामने आ चुके थे, और इन पर आरोप है कि वे इस घोटाले में शामिल थे। भूपेश बघेल ने सीबीआई की छापेमारी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब सीबीआई आई है। उन्होंने बताया कि वह अहमदाबाद में 8-9 अप्रैल को होने वाली AICC की बैठक के लिए दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही सीबीआई ने उनके रायपुर और भिलाई स्थित निवास पर छापा मारा। इस बयान से यह साफ हो जाता है कि भूपेश बघेल इस कार्रवाई को एक राजनीतिक साजिश मानते हैं और इसे चुनावी मुद्दों से पहले उठाया गया कदम मानते हैं। इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ 2,161 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले की जांच की थी। 10 मार्च को श्वष्ठ ने भूपेश बघेल के घर पर छापेमारी करते हुए 33 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। उस समय कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया था और बघेल के घर के बाहर जमकर नारेबाजी की थी। यह विरोध आज भी जारी है, और बघेल के निवास के बाहर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार के विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित किया जा सके। सीबीआई की छापेमारी ने छत्तीसगढ़ की राजनीति को एक नया मोड़ दिया है। जहां एक ओर कांग्रेस इसे सत्ता के दुरुपयोग और राजनीतिक प्रतिशोध की साजिश मानती है, वहीं भाजपा इसे भ्रष्टाचार की जांच और न्याय के पक्ष में उठाया गया कदम बता रही है। प्रदेश की राजनीति में इस छापेमारी का जो असर पड़ रहा है, उससे साफ है कि छत्तीसगढ़ में सत्ता की जंग और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप जारी रहेंगे । सीबीआई की जांच का नतीजा चाहे जो भी हो, लेकिन इसने प्रदेश की राजनीति को एक बार फिर से गरमा दिया है और यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मामले में आगे क्या कदम उठाए जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में बृजमनगंज थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय एक लड़की के अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान रामकृपाल (40) के रूप में हुई है और संबंधित घटना 23 मार्च की है। उन्होंने कहा कि नाबालिग लड़की के पिता की तहरीर पर रामकृपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। सिंह ने बताया कि लड़की को बरामद कर लिया गया है और आरोपी को मंगलवार को विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया गया।

## मुंबई हवाई अड्डे के अंदर शौचालय के कूड़ेदान में मिला नवजात का शव, जांच शुरू




मुंबई, (आरएनएस)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक नवजात का शव मिला है।नवजात का शव मंगलवार 25 मार्च को रात करीब 10:30 बजे हवाई अड्ड के टर्मिनल-2 में बने शौचालय के अंदर कूड़ेदान में मिला है।इसकी सूचना तुरंत हवाई अड्डा सुरक्षा दल और नजदीकी पुलिस स्टेशन को दी गई। पुलिस ने शिशु को कूपर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस का कहना है कि बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और मामला दर्ज कर लिया गया है। हवाई अड्डे की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।अभी तक बच्चे के लिंग की जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने बताया कि नवजात शिशु को किसने कूड़ेदान में छोड़ा है, उसकी तलाश की जा रही है।मामला सामने आने के बाद हवाई अड्डे पर हड़कंप मच गया। पुलिस की जांच जारी है। उच्च सुरक्षा वाले टर्मिनल- 2 में इस तरह के वाकये से सुरक्षा अधिकारी हैरत में हैं। इससे पहले भी यहां एक दुर्घटना हो चुकी है। यहां मर्सिडीज-बेंज टूरिस्ट वाहन की टक्कर से 2 विदेशी नागरिक समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बताया जा रहा है कि वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया था, जिससे वाहन हवाई अड्डे पर रैंप से टकरा गया था।पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया था।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, पति ही निकला हत्यारा



कटघोरा-रायपुर,(ए)। कटघोरा थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास दिनांक 24 मार्च 2025 को सुबह एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की सूचना मिली। सूचना पर कटघोरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महज कुछ घंटों की गहन छानबीन के बाद पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी सुलझा ली। जांच में सामने आया कि महिला की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके पति ने ही की थीजिला पुलिस अधीक्षक श्रीमान सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमान नीतीश ठाकुर एवं एसडीओपी श्री मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम, डॉग स्क्वायड, फोरेंसिक व साइबर सेल की सहायता से जांच शुरू की गई। मृतका लता नेताम किराए के मकान में अकेली रहती थी और मजदूरी करके अपना जीवनयापन कर रही थी। 24 मार्च की सुबह उसका शव घर के सामने बाड़ी में संदिग्ध अवस्था में पाया गया। घटनास्थल से खून से सनी ईंटें और खुला दरवाजा मिलने से हत्या की आशंका गहरी हो गई। पुलिस ने बारीकी से जांच करते हुए अहम सुराग जुटाए, जिसके आधार पर हत्या के पीछे पति का ही हाथ होने की पुष्टि हुई।

## अयोध्या राममंदिर में रामलला का रोज होगा सूर्य तिलक, 6 अप्रैल से शुरुआत



अयोध्या,(ए)। इस वर्ष रामनवमी (6 अप्रैल) से अयोध्या में रामलला का रोज सूर्य तिलक होगा। हर दिन करीब 4 मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर पड़ेंगी। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि यह व्यवस्था अगले 20 साल तक जारी रहेगी।राम मंदिर में पहली बार 17 अप्रैल 2023 को रामनवमी के दिन सूर्य तिलक किया गया था। अब इसे रोजाना करने का निर्णय लिया गया है। इस बीच, राम मंदिर का शिखर लगभग तैयार है और राम दरबार की स्थापना 15 मई तक पूरी हो जाएगी। आईआईटी रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इसके लिए ऑप्टो-मैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। सूर्य की किरणें गर्भगृह तक पहुंचाने के लिए अष्टधातु के 20 पाइप और 65 फीट लंबा सिस्टम लगाया गया है। किरणों को सही दिशा में लाने के लिए 4 लेंस और 4 मिरर का इस्तेमाल किया जाएगा। हर दिन करीब 4 मिनट तक किरणें रामलला के मस्तक को प्रकाशित करेंगी। मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक, इस अनोखी व्यवस्था से श्रद्धालुओं को एक दिव्य अनुभव मिलेगा। रामलला के भव्य मंदिर में यह अनूठी वैज्ञानिक तकनीक आस्था और विज्ञान का संगम दर्शाएगी।

# जज के घर पर नकदी मिलने के मामले में एफआईआर की मांग, सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इनकार किया



नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि उसने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इस याचिका में 14 और 15 मार्च की मध्य रात्रि में आकस्मिक आग लगने के दौरान उनके सरकारी आवास से कथित रूप से नकदी मिलने और निकाले जाने का आरोप है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा से कहा कि आपका मामला सूचीबद्ध हो गया है, जब उन्होंने पीठ से मामले की तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया। सीजेआई ने उनसे कोई सार्वजनिक बयान न देने को कहा और कहा कि वे रजिस्ट्री से सुनवाई की तारीख ले लेंगे। वकील ने पीठ से कहा कि केवल एक ही चीज़ (करने की ज़रूरत है) न्यायाधीश के खिलाफ़ एफ़आईआर दर्ज की जानी चाहिए। नेदुम्परा ने विवाद से संबंधित संचार और अन्य दस्तावेज़ों को सार्वजनिक करने के लिए सीजेआई की सराहना की। आपने एक शानदार काम किया है। मामले में एक अन्य याचिकाकर्ता ने कहा कि यदि किसी व्यवसायी के पास इतनी बड़ी रकम पाई जाती तो प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि एजेंसियां उसके पीछे पड़ जातीं।

सर्वोच्च न्यायालय ने 1991 में के वीरास्वामी बनाम भारत संघ मामले में निर्णय दिया था कि किसी वर्तमान उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 के अंतर्गत आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य है। याचिका में इसे चुनौती दी गई है। उक्त निर्देश विशेषाधिकार प्राप्त पुरुषों/महिलाओं का एक विशेष वर्ग बनाता है, जो देश के दंड कानूनों से मुक्त है।

## 26 लाख की 9 महिला ईनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब जवानों ने तेजी लाई है। जवानों द्वारा लगातार नक्सलियों के मांद में घुसकर उनका खात्मा कर रहे हैं। जवानों द्वारा की जा रही कार्रवाई से नक्सलियों में डर का माहौल पैदा हो गया है। नक्सली अब मुख्य धरा में लौट रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर से सुकमा में 9 इनामी नक्सलियों ने सरेंडर किया है।

## ईद की सेवइयां खिलानी हैं तो होली की गुजिया भी खानी पड़ेगी, पीस कमेटी की बैठक में बोले सीओ अनुज चौधरी

संभल (ए.)। संभल के सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। ईद से पहले शांति समिति की बैठक के दौरान सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम जहां रहते हैं, वहां की शांति व्यवस्था भंग न हो। इसलिए हम पर सभी को भरोसा है। उन्होंने कहा कि ईद की सेवइयां खिलानी हैं तो होली की गुजिया भी खानी पड़ेगी। विवाद होली से कुछ दिन पहले तब शुरू हुआ जब चौधरी ने कहा कि होली साल में एक बार आता है जबकि जुमे की नमाज साल में 52 बार होती है। उन्होंने कहा था कि होली के रंगों से अगर किसी को असहजता महसूस हो तो उसे होली के दिन घर के अंदर ही रहना चाहिए। सीओ चौधरी ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था बल्कि सभी धर्मों के त्योहारों का सम्मान करने के महत्व पर जोर देना था। उन्होंने कहा, हमारा हमेशा से उद्देश्य रहा है कि हम जहां भी रहें, वहां शांति भंग न हो। हालांकि, चौधरी के बयान पर खूब सियासत हुई लेकिन सीएम योगी ने उनका साथ दिया। उन्होंने आपसी सम्मान और एक-दूसरे के जश्न में भागीदारी की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, अगर ईद की सेवइयां खिलानी हैं तो गुजिया भी खानी पड़ेगी। दोनों पक्षों को गुजिया खानी चाहिए। लेकिन यहां गड़बड़ हो जाती है। जब एक पक्ष नहीं खा रहा और दूसरा पक्ष खा रहा है तो यहां भाईचारा खत्म हो जाता है। सीओ चौधरी ने संभल में हाल ही में हुई हिंसा के बाद पक्षपातपूर्ण पुलिस कार्रवाई के आरोपों पर भी बात की।



नागपुर में गर्मी के दिनों में चिलचिलाती धूप से बचने के लिए महिलाएं दुपट्टे से अपना चेहरा ढकती हुई।

## आतिशी ने बजट पर चर्चा के समय में कटौती करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर वार्षिक बजट 2025-26 पर चर्चा के समय को जानबूझकर कम करने और संभवत: महत्वपूर्ण आर्थिक विवरण छिपाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। आतिशी ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को लिखे पत्र में सदन की दिन भर की 'कार्य सूची' को लेकर क्षोभ प्रकट किया, जिसमें बजट पर चर्चा के लिए बमुश्किल एक घंटा आवंटित किया गया था। आतिशी ने इस कदम को 'बेहद चिंताजनक' व जांच से बचने का प्रयास करार दिया। गुप्ता ने आतिशी के पत्र का जवाब देते हुए कहा कि बजट पर चर्चा के लिए केवल एक घंटा निर्धारित करने का 'आप' नेता का दावा बिल्कुल 'गलत' है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति, जिसमें आप के विधायक भी शामिल हैं, ने निर्णय लिया था कि बजट पर चर्चा दो दिन (26 और 27 मार्च को) होगी। आतिशी ने पत्र में यह भी कहा कि सरकार बजट से पहले आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करने में विफल रही। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या यह जनता से महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े छिपाने का प्रयास है। 'आप' नेता ने गुप्ता को लिखे पत्र में कहा, इससे ऐसा प्रतीत होता है किसरकार बजट पर विस्तृत चर्चा से बचना चाहती है। क्या यह बजट काल्पनिक राजस्व अनुमानों और आर्थिक रुझानों पर आधारित है? क्या इसीलिए आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत नहीं किया गया?

## जम्मू-कश्मीर में 200 यूनिट मुफ्त बिजली समेत सभी चुनावी वादे पूरे करेंगे : उमर



श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) सरकार अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) श्रेणी के अंतर्गत आने वाले सभी परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने सहित अपने सभी चुनावी वादों को पूरा करने के लिए वचनबद्ध है। अब्दुल्ला ने विधानसभा में पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नरिंदर सिंह रैना और निर्दलीय विधायक शब्बीर अहमद कुल्ले द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने सदन को सूचित करते हुए कहा कि सरकार अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत आने वाले सभी परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी और इस योजना को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीएमबीवाई) के साथ एकीकृत किया जाएगा। अब्दुल्ला ने कहा, हमारा लक्ष्य लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देना है और यह किया जाएगा। हम सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी खजाने पर ज्यादा असर न पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने इस विषय पर सदन में तीन बार - उपराज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान, बजट प्रस्तुति के दौरान और अनुदान पर चर्चा के दौरान - स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने कहा, हमारे घोषणापत्र में किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे। हम लोगों से किये वादे पूरे करने के लिए बाध्य हैं। हम न तो उस समय (चुनाव प्रचार के दौरान) सच्चाई से भाग रहे थे और न ही आज (सरकार में)। अब्दुल्ला ने हालांकि कहा कि वादों को सही तरीके से पूरा किया जाएगा।

## वजीराबाद में 9वीं के छात्र की बेरहमी से हत्या, पिता के पास आया था 10 लाख की फिरौती का कॉल

नई दिल्ली(आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा. वजीराबाद थाना इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां मिलन विहार में एक नाबालिग की बेरहमी से हत्या कर दी गई. आरोप मृतक के दोस्तों पर लगा है. जानकारी के मुताबिक आरोपी युवकों ने पहले मृतक को कॉल कर मिलने बुलाया फिर उसके पिता को कॉल कर 10 लाख रुपये फिरौती मांगी गई. जिसके बाद 14 साल के नाबालिग का शव खून से लथपथ हालत में मिला। दरअसल मृतक अपने परिवार के साथ मिलन विहार इलाके में रहता था. उनके पिता कैब चलाते हैं, मृतक परिवार का इकलौता बच्चा था. रविवार को नाबालिग घर पर ही था, जब उसके कुछ दोस्तों का फोन आया और उसे घर के बाहर यमुना पुश्ते पर बुलाया. जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने उसकी तलाश करनी शुरू कर दी और पुलिस को भी सूचना दी।

## अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु कर लें तैयारी, 14 अप्रैल से शुरू होगी प्री-पंजीकरण



नई दिल्ली, (आरएनएस)। अमरनाथ यात्रा की तैयारी कर रहे श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। इस साल की धार्मिक यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 14 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं।

पवित्र गुफा का प्रबंधन करने वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने बताया कि यात्रा परमिट का पंजीकरण और जारीकरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। यात्रा के लिए 13 वर्ष से कम, 75 वर्ष से अधिक आयु और 6 सप्ताह से अधिक की गर्भवती महिला का पंजीकरण नहीं होगा।श्राइन बोर्ड के मुताबिक, इस साल दक्षिण कश्मीर में श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा के लिए वार्षिक तीर्थयात्रा 3 जुलाई, 2025 को पहलगाम और बालटाल से एक साथ शुरू होगी।कुल 38 दिनों तक चलने वाली यात्रा 9 अगस्त, 2025 को समाप्त होगी। पंजीकरण अधिकारी बालटाल मार्ग के लिए बालटाल तथा पहलगाम मार्ग के लिए पहलगाम अंकित यात्रा परमिट जारी करेंगे।प्रत्येक श्रद्धालु का पंजीयन शुल्क 150 रुपये है। यात्रा से पहले रेडियो फ्रिक्वेंसी आईडी कार्ड लेना जरूरी होगा।बोर्ड और सरकार की ओर से यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की व्यवस्था होगी और दोनों मार्गों पर सामुदायिक लंगर चलाया जाएगा।दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा की यात्रा के दौरान सुरक्षा की व्यवस्था जम्मू-कश्मीर पुलिस और भारतीय सेना संभालेगी।

यह यात्रा हर साल 45-60 दिनों तक चलती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। यात्रा पहलगाम मार्ग से 48 किलोमीटर और बालटाल से 14 किलोमीटर की होती है।

# छत्तीसगढ़ में डेढ़ महीने में 325 से अधिक नक्सली मारे गए : विष्णु देव साय



रायपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को कहा कि राज्य में पिछले डेढ़ महीने में 325 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं और 2,000 से अधिक को या तो गिरफ्तार कर लिया गया है या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री निवेशकों की एक बैठक के लिए यहां आए थे। साय ने दावा किया, ''ऐसी छवि बनाई गई है कि पूरा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से ग्रस्त है, जो सच नहीं है। छत्तीसगढ़ का एक छोटा-सा क्षेत्र, जो बस्तर है, नक्सलवाद की समस्या से ग्रस्त है और राज्य का बाकी हिस्सा इस समस्या से मुक्त है। साय ने संवाददाताओं से कहा, ''हमारी एक साल पुरानी सरकार और हमारे सुरक्षा बल नक्सल समस्या के खिलाफ बहादुरी से लड़ रहे हैं और हमारा मानना है कि महज डेढ़ महीने में 325 से अधिक नक्सली मारे गए हैं और 2,000 से अधिक नक्सलियों को या तो गिरफ्तार कर लिया गया है या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने कहा, ''हमें पूरा विश्वास है कि नक्सल समस्या का जल्द ही खात्मा कर दिया जाएगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने आत्मसमर्पण करने वालों के लिए अनुकूल पुनर्वास पैकेज तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, नक्सल प्रभावित इलाकों में आपका सुंदर गांव नाम से एक योजना भी शुरू की गई है, जिसके तहत वहां करीब 38 सुरक्षा शिविर खोले गए हैं। साय ने कहा कि इस योजना का लाभ 100 से अधिक गांवों को दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का संकल्प लिया है।

## मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर में पेश किया उच्च प्रोटीनयुक्त दूध

नई दिल्ली (ए.)। मदर डेयरी ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में देश की प्रोटीन की कमी वाली आबादी को लक्षित करते हुए 70 रुपये प्रति लीटर की कीमत वाला प्रोटीन युक्त दूध उत्पाद 'प्रोमिल्क' पेश किया है।




नए गाय के दूध के उत्पाद में प्रति लीटर 40 ग्राम प्रोटीन, चार प्रतिशत वसा और 11.5 प्रतिशत ठोस-वसा-नहीं (एसएनएफ) है, और यह विटामिन ए और डी से भरपूर है। यह बृहस्पतिवार से ऑफलाइन और ऑनलाइन खुदरा दुकानों के माध्यम से 500 मिली और एक लीटर की पैकेजिंग में उपलब्ध होगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश ने कहा कि उत्पाद का उद्देश्य पोषण संबंधी चुनौतियों का समाधान करना है। पेशकश के मौके पर एक आयोजन के दौरान बंदलिश ने कहा, ''प्रोटीन, संतुलित आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रोमिल्क, मानक दूध की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक प्रोटीन प्रदान करता है, जो परिचित स्वाद को बनाए रखते हुए एक सुविधाजनक पोषण समाधान प्रदान करता है।



समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव कन्नौज के बोर्डिंग ग्राउंड में 1108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ में शामिल हुए।

## शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर कॉमेडियन कामरा के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज



नासिक,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के ड़िप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें बढ़ती जा रही है. नासिक के मनमाड थाने में उसके खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गई है. कुणाल कामरा ने एक गाने के जरिए शिवसेना नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। मनमाड शहर पुलिस स्टेशन में कुणाल कामरा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का मामला दर्ज किया गया है. इस संबंध में शिवसेना शहर प्रमुख मयूर बोरसे ने विस्तृत शिकायत दर्ज कराई है. मयूर बोरसे ने नांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुहास कांडे की ओर से यह शिकायत दर्ज कराई है.यह शिकायत नांदगांव और मनमाड शहर दोनों में दर्ज की गई है. सुहास कांदे को डीसीएम एकनाथ शिंदे का करीबी माना जाता है. कुणाल कामरा ने एक गाने के जरिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की. इसके चलते पूरे राज्य में बड़ा हंगामा हुआ. इस गाने का वीडियो वायरल होने के बाद एकनाथ शिंदे के शिवसैनिकों ने कुणाल कामरा के स्टूडियो में तोड़फोड़ की.उसके बाद कुणाल कामरा ने एक और वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया।

# अचानक परिवार के पास दिल्ली पहुंची राधिका मदान



मुंबई (ए.)। अभिनेत्री राधिका मदान को जब अपने परिवार की याद सताने लगी तो वह अचानक दिल्ली पहुंच गईं। एक्ट्रेस ने अपने व्यस्त शेड्यूल से कुछ समय निकालकर अपने परिवार से मिलने का फैसला किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की और बताया कि वह अपने घर लौटकर कितनी उत्साहित हैं।

राधिका ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने रणबीर कपूर की फिल्म 'रॉकस्टार' के गाने 'शहर में हूं मैं तेरे' को बैकग्राउंड में जोड़ा। इस वीडियो में वह मस्ती करती नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, पैक-अप करो, घर जाना है। वीडियो में वह अपने परिवार और छोटे बच्चों के साथ समय बिताती नजर आईं। उन्होंने स्टैच्यू गेम खेलते हुए, गोलगप्पे खाते हुए, बाल कटवाते हुए और दिल्ली के लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए अपनी झलकियां साझा कीं। राधिका मदान की यह पोस्ट दिखाती है कि वह अपने परिवार से कितना जुड़ाव महसूस करती हैं। अभिनय की दुनिया में सफलता पाने के बावजूद वह अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ी हुई हैं और परिवार को प्राथमिकता देना कभी नहीं भूलतीं। उनके इस वीडियो को फैंस ने खूब पसंद किया और उनकी सादगी की तारीफ की। इस बीच, 11 मार्च को उनकी फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' के पांच साल पूरे होने पर उन्होंने एक खास पोस्ट साझा की। राधिका ने इस फिल्म से जुड़ी कुछ पर्दे के पीछे की तस्वीरें और यादें साझा करते हुए दिवंगत अभिनेता इरफान खान को श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने लिखा, "मेरे अंदर की 'तारिका' अभी भी जिंदा है! यह छोटी लड़की आज भी दुनिया को जीतने और हर मौके को अपनाने की चाहत रखती है। एक बाहरी व्यक्ति हमेशा उस एक अवसर की तलाश में रहता है और 'अंग्रेजी मीडियम' मेरे लिए वह अवसर था। मैं इसे देने के लिए होमी अदजानिया और मैडॉक फिल्म्स की आभारी हूं।" राधिका ने इस पोस्ट में एक खास तस्वीर भी साझा की, जिसमें बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का एक हस्तलिखित नोट था। इस नोट में बिग बी ने उनके अभिनय की प्रशंसा की थी।

# फिल्म जटाधारा की शूटिंग में व्यस्त है सोनाक्षी सिन्हा






मुंबई (ए.)। हाल ही में अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपनी अगली फिल्म जटाधारा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म से वह तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रही हैं। उनके पहले लुक वाले पोस्टर में उन्हें पारंपरिक आभूषणों के साथ दिखाया गया है। सोनाक्षी का बोल्ड लुक गहरे काजल, लाल बिंदी और माथे पर तिलक से और भी प्रभावशाली नजर आया। पोस्टर पर लिखी शक्ति और शक्ति की शक्ति टैगलाइन ने फिल्म के रहस्यमयी और पावरफुल प्लॉट को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। इस फिल्म में सोनाक्षी के साथ सुधीर बाबू, शिल्पा शिरोडकर, रेन अंजलि और दिव्या विज मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन वेंकट कल्याण कर रहे हैं। सोनाक्षी अपने पति जहीर इकबाल के साथ तू है मेरी किरण में भी रोमांस करती नजर आएंगी।

यह फिल्म 2022 में आई डबल एक्सएक्सएल के बाद उनकी दूसरी ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी। फिल्म का निर्देशन करण रावल और संजना मल्होत्रा कर रहे हैं। इसके अलावा, सोनाक्षी की आने वाली फिल्मों में निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस भी शामिल है, जो एक मिस्ट्री-थ्रिलर होगी। बता दें कि हाल में सोनाक्षी ने अपने पति जहीर इकबाल के लिए एक प्यार भरा सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया, जिसमें दोनों की खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिलीं। सोनाक्षी ने इन तस्वीरों में सफेद रंग की स्पेगेटी टॉप पहनी थी, जबकि जहीर ब्लैक शर्ट और मैचिंग टी-शर्ट में नजर आए। सोनाक्षी ने अपने पोस्ट में लिखा, हंसी के बिना बर्बाद हुआ एक दिन है!

यह कहना सुरक्षित है कि मैंने इस आदमी से मिलने के बाद से एक भी दिन बर्बाद नहीं किया है... आखिरी तस्वीर सब कुछ बयां कर देती है... कम से कम हमारे पास हंसी शुरू होने से पहले दो अच्छी तस्वीरें तो हैं। इस प्यारे पोस्ट पर फैंस और दोस्तों ने जमकर प्यार लुटाया। पिछले हफ्ते सोनाक्षी ने अपनी चमकती त्वचा का राज बताते हुए एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में वह अपनी स्किनकेयर रूटीन फॉलो कर रही थीं, तभी जहीर अचानक पीछे से आकर उन्हें डरा देते हैं। सोनाक्षी की हैरान करने वाली प्रतिक्रिया ने जहीर को जोर से हंसने पर मजबूर कर दिया। इस मजेदार पल को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन दिया, मेरी चमकती त्वचा का राज!

# श्रद्धा कपूर के क्रिप्टिक पोस्ट से फैंस हुए परेशान, पूछा क्या हैक हो गया अकाउंट?

श्रद्धा कपूर के हालिया एक्स पोस्ट ने फैंस को परेशान कर दिया है। जिसके बाद अब फैंस ये समझ नहीं पा रहे हैं कि अभिनेत्री का अकाउंट हैक हो गया है या कोई और बात है। जानें श्रद्धा की पोस्ट में ऐसा क्या है।



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अपनी लाइफ से जुड़ी बातें और चीजें अपने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इसीलिए फैंस को श्रद्धा के पोस्ट का काफी इंतजार भी रहता है। लेकिन अब श्रद्धा कपूर ने अपने एक्स अकाउंट से एक ऐसा पोस्ट किया है, जिसने सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा है। क्योंकि फैंस श्रद्धा के इस पोस्ट का मतलब नहीं समझ पा रहे हैं।

**फैंस नहीं समझ पा रहे श्रद्धा का पोस्ट**

श्रद्धा कपूर ने ये ट्वीट मंगलवार को लगभग रात साढ़े दस बजे के करीब किया है। अपने इस ट्वीट या पोस्ट में श्रद्धा ने सिर्फ इतना लिखा है, "Easy 28. GG!" श्रद्धा के इस पोस्ट के बाद अब फैंस ये समझ नहीं पा रहे हैं कि श्रद्धा ने ये क्या लिखा है और क्यों लिखा है।

**फैंस लगा रहे अलग-अलग कयास**

श्रद्धा के इस पोस्ट के बाद अब फैंस अपने अलग-अलग कयास लगा रहे हैं। कुछ फैंस का कहना है कि श्रद्धा का अकाउंट हैक हो गया है, तो वहीं कुछ ये नहीं समझ पा रहे हैं कि ये कोई पीआर स्टंट है या श्रद्धा ने किसी गेम में कोई 28 डॉलर जीते हैं। फिलहाल तो श्रद्धा का ये पोस्ट अभी भी एक रहस्य ही बना हुआ है।

# अपने शौक के बारे में बात की रश्मिका मंदाना ने



मुंबई (ए.)। हाल ही में लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी एक खास सीरीज कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है शुरू की, जिसमें वह अपने शौक और पसंदीदा चीजों के बारे में बात कर रही हैं। इस सीरीज के दूसरे भाग में उन्होंने वर्कआउट के प्रति अपने प्यार को दर्शाते हुए कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह वर्कआउट के बाद की झलक दिखा रही हैं, जहां उनके एब्स और उनकी आकर्षक मुस्कान लोगों का ध्यान खींच रही है। रश्मिका ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, चाहे कहीं भी, कैसे भी, किसी भी अवस्था में क्यों न हो... मैं हमेशा वर्कआउट करने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लूंगी।

मुझे वो काम करने से कोई नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है... पार्ट-2। इससे पहले इस सीरीज के पहले भाग में उन्होंने अपने खाने के प्रति प्रेम को दर्शाया था। उस दौरान उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें वह आम के हलवे का लुत्फ उठाती नजर आई थीं। उस पोस्ट में वह ब्लैक टैंक टॉप और ब्लू डेनिम में बेहद स्टाइलिश लग रही थीं। उन्होंने मजेदार अंदाज में लिखा, कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है! पार्ट-1! रश्मिका की फिटनेस और उनकी डेडिकेशन उनके फैंस को प्रेरित करता है। वह जिम में घंटों पसीना बहाने के साथ-साथ योग और अन्य फिजिकल एक्टिविटीज को भी अपने रूटीन में शामिल करती हैं। उनकी इन तस्वीरों पर फैंस ने जमकर कमेंट किए और उनकी फिटनेस के प्रति समर्पण की सराहना की। अगर उनके वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका जल्द ही सलमान खान के साथ फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं और इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है।

फिल्म में सलमान और रश्मिका के अलावा काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 2014 की ब्लॉकबस्टर किक के बाद सलमान और साजिद की एक और बड़ी फिल्म होगी। सिकंदर को ईद-उल-फितर के मौके पर 31 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा, रश्मिका जल्द ही आयुष्मान खुराना की फिल्म थामा में भी नजर आने वाली हैं। बता दें कि साउथ और बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी फिटनेस को लेकर काफी जुनूनी हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली रश्मिका अक्सर अपनी फिटनेस और वर्कआउट से जुड़ी पोस्ट शेयर करती रहती हैं।

# सिर्फ अथिया ही नहीं इन पांच एक्ट्रेस के घर भी आई खुशखबरी; कुछ के घर जल्द गूंजेगी किलकारी

साल 2025 में कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों के घर खुशखबरी आई है। ये खुशखबरी उनके लिए किसी फिल्म के ब्लॉकबस्टर होने से भी कहीं ज्यादा बड़ी है। इस लिस्ट में अथिया शेट्टी से लेकर कियारा आडवाणी तक कई अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं।

बॉलीवुड के लिए साल 2025 कई मामलों में अब तक अच्छा रहा है। एक ओर जहां बॉलीवुड को साल की शुरूआत में ही छावा जैसी ब्लॉकबस्टर कमाई करने वाली फिल्म मिली, तो वहीं दूसरी ओर ये साल कई स्टार्स के घर भी खुशखबरी लेकर आया है। जानते हैं इस लिस्ट में कौन-कौनसे बॉलीवुड स्टार्स हैं शामिल।

बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी फिल्मों से भले ही दूर हों, लेकिन इस बीच उनके घर सबसे बड़ी खुशखबरी आई है। अभिनेत्री एक बेटी की मां बन गई हैं। उन्होंने 24 मार्च को अपनी बेटी को जन्म दिया है। अथिया ने साल 2023 में क्रिकेटर केएल राहुल से शादी की थी।

अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'सिंह इज ब्लिंग' में नजर आईं अभिनेत्री एमी जैक्सन ने बीते दिनों अपने बेटे को जन्म दिया है। अभिनेत्री दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने साल 2024 में एड वेस्टविक से शादी की थी।







बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा भी इस साल माता-पिता बनने वाले हैं। कपल ने 28 फरवरी को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ये जानकारी अपने फैंस के साथ साझा की थी कि उन्हें जल्द ही अपनी जिंदगी का सबसे प्यारा गिफ्ट मिलने वाला है। कियारा-सिद्धार्थ ने साल 2023 में लंबे अफेयर के बाद शादी की थी।

# वेब सीरीज दुपहिया को दर्शकों से मिल रही जबरदस्त




मुंबई (ए.)। वेब सीरीज दुपहिया को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। हाल ही में अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई इस सीरीज की तुलना लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत से की जा रही है, जिसे डायरेक्टर सोनम नायर ने एक सम्मान के रूप में लिया है। उन्होंने कहा, हम जानते थे कि दोनों शो गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं, इसलिए तुलना लाजिमी है, लेकिन दोनों की समानताएं यहीं खत्म हो जाती हैं। हमें खुशी है कि लोग इसे पंचायत की तरह देख रहे हैं, यह हमारे लिए एक तारीफ है। मुझे उम्मीद है कि पंचायत के प्रशंसक दुपहिया को भी पसंद करेंगे। दुपहिया में कला के एक पुराने रूप लौंडा नाच को भी दिखाया गया है, जिसे लेकर नायर ने कहा, हम फोटुआ को उसी तरह पेश करना चाहते थे, जैसे कोई बड़ी फिल्म एक आइटम सॉन्ग को करती है। हम भाग्यशाली थे कि हमें गणेश आचार्य सर मिले, जिन्होंने इसे कोरियोग्राफ किया। लड़कों ने दिल खोलकर डांस किया और यह किसी भी आइटम सॉन्ग जितना ही प्रभावशाली है। सोनम नायर, जो दक्षिण भारत से ताल्लुक रखती हैं, के लिए हिंदी पट्टी पर आधारित सीरीज का निर्देशन करना चुनौतीपूर्ण था। इस पर उन्होंने कहा, मेरे खून में केरल, पंजाब और बर्मा का मेल है, और मैं बंगाल के एक छोटे से शहर में पली-बढ़ी हूं। इस वजह से मुझे लगता है कि मैं भारत के हर कोने से ताल्लुक रखती हूं। उन्होंने आगे बताया कि इस सीरीज के लिए उन्होंने सभी अभिनेताओं के साथ भाषा की बारीकियां सीखने पर काम किया और व्यापक शोध किया ताकि कहानी वास्तविक लगे। उन्होंने कहा, जब बिहार के लोग कहते हैं कि यह उन्हें सच्चा लगता है, तो मुझे बेहद खुशी होती है। सीरीज दुपहिया के कलाकारों की बात करें तो इसमें रेणुका शहाणे, गजराज राव, भुवन अरोड़ा, स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज धड़कपुर नामक काल्पनिक गांव पर आधारित है।

# एल्विश यादव के साथ रिलेशनशिप के दावे पर अभिनेत्री ने दी प्रतिक्रिया, बोलीं- अजीब दास्तां है ये





बिग बॉस 17 की प्रतियोगी मनारा चोपड़ा ने एल्विश यादव से डेटिंग वाली बात पर प्रतिक्रिया दी है। बीते दिनों यूट्यूबर एल्विश ने अपने पॉडकास्ट के प्रोमो में कहा था कि उनका चक्कर मनारा के साथ चल रहा है। अब इसपर मनारा ने अपने नए गाने के बोल गाकर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं आखिर अभिनेत्री ने क्या कहा।

**एल्विश के साथ उनकी अजीब दास्तां**

यूट्यूबर एल्विश यादव से रिलेशनशिप वाले जवाब में मनारा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह यूट्यूबर द्वारा उनके साथ रिश्ते वाली बात को सुनते हुए दिख रही हैं। साथ ही वह कई तरीके के रिएक्शन भी देती हुई दिखाई दे रही हैं। इसे देखने के बाद मनारा ने हाल ही में ही रिलीज हुआ उनका गाना अजीब दास्तां है गाने लगती हैं। इसके अलावा वह यह भी कहती हैं कि उनकी जिंदगी में ऐसी कई अजीब दास्तां होती रहती हैं। पोस्ट शेयर करते हुए मनारा ने कैप्शन में लिखा कि एल्विश यादव के साथ उनकी अजीब दास्तां। हालांकि, वीडियो में यह लगा कि वह अपने गाने को प्रमोट कर रही हैं।


**आखिर क्या था एल्विश यादव ने?**

बीते दिन एल्विश यादव के पॉडकास्ट का एक प्रोमो रिलीज, जिसमें राव साहब (एल्विश यादव) ने मनारा चोपड़ा के साथ चल रहे अफेयर्स की अफवाहों के बारे में सवाल किया। इसपर एल्विश ने जवाब दिया हां, मन्नारा के साथ उनका चक्कर चल रहा है और उन्होंने ही यूट्यूबर की एंट्री लाफ्टर शेफ्स में कराई थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लाफ्टर शेफ्स ही नहीं, उन्होंने कई क्लबों में भी उनकी एंट्री कराई है। हालांकि, यह सब वह अपने शो में मजाक के तौर पर कह रहे हैं और वह खुद का इंटरव्यू लेते दिखाई दे रहे हैं।

**मनारा चोपड़ा का वर्कफ्रंट**

मनारा इस समय लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 में नजर आ रही हैं, जिसमें एल्विश यादव भी हैं। इससे पहले अभिनेत्री बिग बॉस 17 का हिस्सा रही हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा की कजिन सिस्टर यानी बहन मनारा चोपड़ा ने अपनी आवाज में दिवंगत गायिका लता मंगेशकर का गाना 'अजीब दास्तां है ये' को रिक्रिएट किया था। इस गाने को लेकर मनारा के फैंस ने उन्हें सराहा।

# सात साल बाद भारत में रिलीज हुई धनुष की यह फिल्म, जानें कब और कहां देख सकते हैं आप?






विदेशों में धमाल मचाने के बाद अभिनेता धनुष अब भारतीय प्लेटफॉर्म पर भी नजर आएंगे। साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ द फकीर' पूरे सात साल बाद भारतीय दर्शकों का मनोरंजन करती दिखेगी। इसके निर्माता ने इसे ओटीट पर भी जारी कर दिया है। जानिए कहां देख सकते आप?

**कहां और कैसे देख सकते हैं फिल्म?**

धनुष अभिनीत फिल्म 'द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ द फकीर' में धनुष का एक अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। यह एडवेंचर कॉमेडी फिल्म अब भारत में अहा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जो तमिल भाषा में मौजूद है। यह फिल्म धनुष की हॉलीवुड में पहली फिल्म है, जो रोमेन पुएर्तोलस के फ्रेंच उपन्यास 'द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ द फकीर हू गॉट ट्रैप्ड इन ऐन आइकिया वार्डरोब' से प्रेरित है।

**क्या है फिल्म की कहानी?**

केन स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में धनुष ने लवेश पटेल का किरदार निभाया है, जो एक जादूगर है। वह मुंबई स्थित लोगों को यह विश्वास दिलाता है कि उसके पास कई जादुई शक्तियां हैं और लवेश अपनी कहानी तीन बच्चों को सुनाता है, जो जेल जाने वाले हैं। उसी वक्त फिल्म में एक मोड़ आता हैं, जब उसकी मां की मौत हो जाती है। इसके बाद वह नकली 100 रुपये का नोट लेकर अपने खोए हुए पिता से मिलने पेरिस जाता है। इसी पर आधारित है यह कहानी।

**फिल्म का विदेशों में कैसा रहा प्रदर्शन**

धनुष अभिनीत फिल्म 'द एक्स्ट्राऑर्डिनरी जर्नी ऑफ द फकीर' विदेशों में 30 मार्च 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धनुष के अभिनय की काफी तारीफें हुईं थी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत कमाल नहीं कर सकी, लेकिन इसने 279. 82 करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। फिल्म में धनुष के अलावा बेरेनिस बेजो के रूप में नेली मार्ने, बरखाद आब्दी के रूप में विराज, जेरार्ड जुगनॉट के रूप में गुस्ताव पालोर्डे, सारा-जीन लेब्रोस के रूप में रोज, हर्षद कुमार के रूप में सब्जी विक्रेता, और रोमेन प्यूर्टोलास के रूप में थॉमस ग्रेगोइरे शामिल हैं।

# बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध में रोहित सहित इन तीन दिग्गजों को हो सकता है नुकसान




नई दिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आने वाले दिनों में केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा कर सकता है। इसमें श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल , यशस्वी जायसवाल सहित कुछ खिलाड़ियों को लाभ हो सकता है जबकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों को नुकसान को सकता है। ये तीनो ही अभी ए प्लस वर्ग में हैं जिसमें तीनों प्रारुप खेलने वाले खिलाड़ी ही रह सकते हैं। इन तीनों ने ही टी20 प्रारुप से संन्यास ले लिया है। ऐस में इन तीनों को इस प्रारुप से बाहर किया जा सकता है। ए प्लस वर्ग में 7 करोड़ रुपये की रिटेनरशिप फीस मिलती है। वहीं ए वर्ग में खिलाड़ी को 5 करोड़ रुपये मिलते हैं जबकि ग्रेड-बी और सी में खिलाड़ियों को 3 करोड़ और 1 करोड़ रुपये मिलते हैं। केन्द्रीय अनुबंध राष्ट्रीय चयन समिति बनाती है।

पिछले साल बुमराह, रोहित, कोहली और जडेजा को ए प्लस में रखा गया था। अब केवल बुमराह ही ऐसे हैं जो तीनों प्रारुपों में खेलते हैं। वह टेस्ट के कप्तान भी बन सकते हैं। ऐसे में इस वर्ग में तीनो प्रारुपों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को जगह मिल सकती है। वहीं ए वर्ग से आर अश्विन बाहर होंगे क्योंकि उन्होंने संन्यास ले लिया है। अक्षर पटेल को लाभ हो सकता है। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टी20 प सीरीज के लिए उप-कप्तान बनाया गया था। उन्हें ग्रुप बी से ए में प्रमोट किया जा सकता है। अक्षर एकदिवसीय और टी20 दोनों में नियमित रूप से खेलते हैं। उन्होंने भारत के लिए 14 टेस्ट भी खेले हैं।वहीं अय्यर को पिछले सीजन में अनुबंध नहीं मिला था पर इस सत्र में उन्होंने 11 एकदिवसीय मैच खेले हैं। इसलिए वह किसी वर्ग में वापस आ सकते हैं। केन्द्रीय अनुबंध सूची में आने के लिए खिलाड़ी को एक कैलेंडर वर्ष में तीन टेस्ट, आठ एकदिवसीय या 10 टी20 खेलने होते हैं। युवा यशस्वी जायसवाल को ग्रेड बी से ऊपर प्रमोशन मिल सकता है। उन्होंने सभी फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने सात टेस्ट खेले हैं जबकि सरफराज खान ने तीन टेस्ट खेले हैं। इन दोनों को ग्रुप सी में शामिल किया जा सकता है।

नीतीश कुमार रेड्डी ने पूरी बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेली है। इसलिए उन्हें भी केन्द्रीय अनुबंध सूची में शामिल कर लिया जाएगा। शार्दुल ठाकुर और रुतुराज गायकवाड़ पिछली सूची में थे। लेकिन इस बार वे जरूरी शर्तें पूरी नहीं कर रहे हैं। इसलिए वे सूची में नहीं होंगे। हालांकि, चयन समिति हेड कोच और सचिव से सलाह लेकर कुछ बदलाव कर सकती है।

# राशिद खान ने 1 विकेट लेकर ही रच डाला इतिहास, जसप्रीत बुमराह का महारिकॉर्ड तोड़ डाला



नईदिल्ली (आरएनएस) । गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनर राशिद खान ने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मुकाबले में खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। अपने चार ओवर के कोटे में राशिद ने 48 रन दिए और 1 विकेट हासिल किए। राशिद ने ओपनिंग बल्लेबाज प्रियांश आर्य को अपना शिकार बनाया। राशिद आईपीएल में सबसे तेज 150 विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, उन्होंने 122 पारी में यह मुकाम हासिल किया है। राशिद ने इस लिस्ट में जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 124 आईपीएल पारियों में 150 विकेट पूरे किए थे। राशिद दूसरे विदेशी स्पिनर बन गए हैं, जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में 150 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ सुनील नारायण ने किया है, जिनके नाम फिलहाल 176 पारियों में 181 विकेट दर्ज हैं। गौरतलब है कि इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हरा दिया।

# जिमी नीशम ने पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लिया 5 विकेट हॉल

## -न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान

नईदिल्ली (आरएनएस)। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में जिमी नीशम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हॉल अपने नाम किए।

ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला 5 विकेट हॉल रहा। उनकी शानदार गेंदबाजी के कारण पाकिस्तान की पूरी टीम 20 ओवर में 128/9 का ही स्कोर बना पाई।इस मुकाबले से पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/16 का था। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

नीशम ने 4 ओवर गेंदबाजी की और 22 रन देकर 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनकी इकॉनमी रेट 5.50 की रही।उन्होंने आघा सलमान (51), अब्दुल समद (4), शादाब खान (28), जहानदाद खान (1) और सुफियान मुकीम (0) को अपना शिकार बनाया।नीशम के अलावा जैकब डफी ने भी अच्छी गेंदबाजी की और 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 2 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। ईश सोढ़ी और बेन सियर्स को 1-1 सफलता मिली।पाकिस्तान के खिलाफ नीशम ने पहला मुकाबला साल 2014 में खेला था। उन्होंने अब तक इस टीम के खिलाफ 23 टी-20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 16 पारियों में 18.45 की उम्दा औसत के साथ 20 विकेट लेने में सफल रहे हैं।पाकिस्तान के खिलाफ उनकी इकॉनमी रेट 8.75 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/22 का रहा है।नीशम द्वारा टी-20 क्रिकेट के इतिहा में न्यूजीलैंड के लिए किया गया यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है।सूची में पहले स्थान पर टिम साउथी हैं। उन्होंने साल 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 1 मेडन ओवर के साथ 18 रन खर्च करते हुए 5 विकेट झटके थे। उनकी इकॉनमी 4.50 की रही थी।दूसरे स्थान पर कीवी टीम के एक और तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन हैं। उन्होंने साल 2020 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 21 रन देकर 5 विकेट लिए थे।नीशम अब इस सूची में तीसरे स्थान पर आ गए हैं।नीशम ने अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2012 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।उन्होंने अब तक 83 मुकाबले खेले हैं और इसकी 57 पारियों में 24.44 की औसत और 8.94 की इकॉनमी रेट से 47 विकेट लेने में सफल रहे हैं।उन्होंने अपने टी-20 करियर में सबसे ज्यादा विकेट (20) पाकिस्तान के ही खिलाफ लिए हैं। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 21.22 की औसत से 955 रन बनाए हैं।

# श्रेयर अय्यर ने तोड़ा धोनी का कप्तानी वाला रिकॉर्ड, शतक से चूकने के बावजूद भी रचा इतिहास

नईदिल्ली ( आरएनएस)। पंजाब किंग्स के कप्तान और स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार (26 मार्च) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मुकाबले में शानदार बल्लबाजी करते हुए 42 गेंदों में 230.95 की स्ट्राईक रेट से नाबाद 97 रन की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 9 छक्के जड़े।

अय्यर को उनकी विजयी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह भले ही आईपीएल में पहले शतक से चूक गए लेकिन इस मुकाबले में बतौर बल्लेबाज और कप्तान उन्होंने कुछ खास रिकॉर्ड बना दिए।अय्यर ने टी-20 क्रिकेट में अपने 6000 रन पूरे कर लिए हैं, अपनी पारी में 26वां रन बनाते ही उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। इसके अलावा अय्यर ने आईपीएल में बतौर कप्तान 2000 रन भी पूरे कर लिए और टी-20 क्रिकेट में 250 छक्के भी। आईपीएल में बतौर कप्तान 70 मैच के बाद सबसे ज्यादा जीत हासिल करने के मामले में अय्यर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। अय्यर ने बतौर कप्तान 41वीं जीत हासिल की है और धोनी ने भी अपने पहले 70 मैच में कप्तानी करते हुए इतनी ही हासिल की थी।

# इंपैक्ट प्लेयर नियम को अब टी20 क्रिकेट के विकास का हिस्सा मान रहे धोनी

मुम्बई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर बहस जारी है। जहां स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इसे सही नहीं मानते। वहीं भारतीय टीम के




पूर्व कप्तान मेहेंद्र सिंह धोनी का मानना है कि जब इस नियम को पहली बार लागू किया गया तो वह इसकी जरूरत को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे पर अब उन्हें लगता है कि ये टी20 क्रिकेट के विकास का ही एक हिस्सा है। धोनी हालांकि अपने को इंपैक्ट प्लेयर नहीं मानते हैं। इसका कारण है कि वह अभी भी विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाते हैं। धोनी ने कहा, 'जब पहली बार यह नियम लागू किया गया तो मुझे लगा कि वास्तव में इसकी जरूरत नहीं है हालांकि कुछ हद तक ये उनके लिए फायदेमंद रहा भी और नहीं भी। साथ ही कहा कि मैं अभी विकेटकीपिंग कर रहा हूं, इसलिए मैं इंपैक्ट प्लेयर नहीं हूं। मुझे इसके अनुसार ही आगे बढ़ना होगा। कई लोगों का कहना है कि इस नियम के कारण बड़े स्कोर बन रहे हैं पर मेरा मानना है कि खिलाड़ियों के सहज होकर खेलने से ऐसा हो रहा है क्योंकि अब उनके ऊपर दबाव नहीं है।

# आईपीएल में आज लखनऊ सुपर जॉइंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद में होगी टक्कर

## शाम 7:30 बजे से होगा मैच

हैदराबाद (ए)। लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है। कप्तान ऋषभ पंत की सुपर जॉइंट्स की टीम को पहले ही मैच में दित्ली कैपिटल्स से हार मिली थी। ऐसे में उसपर किसी भी हाल में ये मैच जीतने का दबाव रहेगा। वहीं दूसरी ओर कप्तान पैट कमिंस की सनराइजर्स ने पहले ही मैच में राजस्थान



रॉयल्स को हराया था। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा और वह जीत की लय बनाये रखने उतरेगी। सनराइजर्स की दावेदारी इसलिए भी प्रबल मानी जा रही है क्योंकि उसके पास एक से बढ़कर एक आक्रामक बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमक को धवस्त कर सकते हैं। रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम ने आईपीएल का अब तक का सबसे अधिक सकोर 286 रन बनाया था। उसके पास कई आक्रामक बल्लेबाज हैं जिनका अंकुश लगाना दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। कई प्रमुख गेंदाबाजों के चोटिल होने से भी सुपर जॉइंट्स की परेशानी बढ़ी है हालांकि इस मैच से पहले तेज गेंदबाजा आवेश खान के फिट होने से टीम को थोड़ी राहत मिली है।सनराइजर्स की ओर से ईशान किशन ने पहले ही मैच में शतक लगाकर अपनी इरादे जाहिर कर दिये थे। अब उसे किसी प्रकार दिल्ली के गेंदबाज रोकेंगे ये देखना होगा। इसके अलावा टीम के पासा अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। इस प्रकार के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने सुपर जॉइंट्स के गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।लखनऊ के लिए चिन्ता की बात ये है कि उसके कप्तान ऋषभ पिछले मैच में शून्य पर ही आउट हो ये थे। इसके अलावा उनकी विकेटकीपिंग भी अच्छी नहीं थी और उन्होंने कई अवसर गंवाये थी। ऐसे में इस मैच में उन्हें कोई गलती नहीं करनी होगी। लखनऊ के लिए पहले मैच में मिशेल मार्श और निकोलस पूरण ने आक्रामक अंदाज में पारी शुरु की थी और टीम चाहेगी कि इस मैच में भी ये दोनो ऐसा ही करें।

## विदेश समाचार

# अमेरिका में चुनावी प्रक्रिया पर राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा ऐलान, वोट डालने के लिए देना होगा नागरिकता प्रमाण

वाशिंगटन (ए)। अमेरिका का राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप कई बड़े फैसले ले रहे हैं।अब अमेरिका फर्स्ट की नीति को अमल में लाते हुए ट्रंप ने एक और ऐसा ही फैसला लिया है। अब ट्रंप अमेरिकी चुनावों में बड़ा बदलाव लाने जा रहे हैं। ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिकी चुनावों में व्यापक बदलाव लाने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर दस्तखत किए हैं। इसके तहत अब अमेरिका में वोट डालने के लिए अमेरिकी सिटिजनशिप होना अनिवार्य होगा। इसका यह मतलब होगा कि संघीय चुनावों में वोटिंग के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नागरिकता के दस्तावेज की जरूरत होगी।



इस आदेश में कहा गया है कि अमेरिका चुनाव में बुनियादी और जरूरी सुरक्षा मुहैया करने में सफल नहीं रहा है। आदेश में संघीय एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे चुनाव अधिकारियों के साथ संघीय डेटा साझा करें, जिससे उन्हें गैर-नागरिकों की पहचान करने में मदद मिल सके। इसके तहत राज्यों को वोटरों की लिस्ट उपलब्ध कराने और चुनाव संबंधित अपराधों पर सख्त एक्शन लेने का आदेश भी दिया गया है। वहीं आदेश ना मानने वाले राज्यों को फंडिंग ना देने की धमकी दी गई है। हालांकि ट्रंप के इन आदेशों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि अमेरिका में राज्यों के पास चुनावी नियम निर्धारित करने के अधिकार हैं।

# भारत ने नहीं दिया भाव, चीन की यात्रा पर निकले मोहम्मद यूनुस

## मीडिया रिपोर्ट में यूनुस के प्रेस सचिव के हवाले से बताया गया

ढाका (ए.)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस बुधवार से चीन के दौरे पर हैं। लेकिन वे चीन से पहले भारत की यात्रा करना चाहते थे। रिपोर्ट के मुताबिक यूनुस पहले दिल्ली आना चाहते थे और इसके लिए अनुरोध भेजा गया था लेकिन भारत सरकार से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बाद वे चीन रवाना हो गए। एक मीडिया रिपोर्ट में यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम के हवाले से इसकी जानकारी दी गई है।

आलम ने कहा कि मुख्य सलाहकार यूनुस 26 मार्च से चीन की यात्रा कर रहे हैं, जहां उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होगी। इस दौरान यूनुस बांग्लादेश में चीनी निवेश के लिए बातचीत करने वाले है। रिपोर्ट के मुताबिक आलम ने कहा कि हमने भारत की यात्रा को लेकर दिलचस्पी दिखाई थी। पिछले साल दिसंबर में ही भारतीय पक्ष से मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस की भारत की द्विपक्षीय यात्रा के लिए कहा गया। यह उनकी चीन यात्रा के अंतिम रूप दिए जाने से कुछ हफ्ते पहले किया गया था।

दुर्भाग्य से, हमें कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने कहा कि यूनुस भारत के साथ मधुर



द्विपक्षीय संबंध चाहते हैं। पिछले चार महीने में ये दूसरी बार है जब चीन किसी दक्षिण एशियाई नेता की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली भी दिसंबर 2024 में चीन की चार दिवसीय यात्रा पर गए थे।

वहीं आलम ने कहा है कि चीन से लौटने के बाद यूनुस 3 से 4 अप्रैल को बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले है। उन्होंने कहा कि हमने थाईलैंड में आयोजित होने वाले आगामी बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रोफेसर यूनुस और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बैठक के लिए एक और अनुरोध किया है और हम भारत के जवाब मिलने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में विभिन्न जगहों पर चीनी निवेश को प्रतिकूल नजरिए से देखा जाता है लेकिन बांग्लादेश, निजी चीनी निवेशों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

# मेहुल चोकसी पर बेल्जियम सरकार की नजर, बढ़ सकती हैं मुश्किलें

ब्रुसेल्स(ए)। भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी पर भारत में पंजाब नेशनल बैंक से जुड़ा 13,850 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का आरोप है। इनकी मुश्किलें बढ़ सकती है क्योंकि बेल्जियम सरकार लगातार चोकसी पर नजर रखे हुए हैं। बेल्जियम के फेडरल पब्लिक सर्विस (एफपीएस) विदेश मामलों के प्रवक्ता और



सोशल मीडिया एवं प्रेस सेवा प्रमुख डेविड जोर्डेन्स ने कहा कि उनकी सरकार इस मामले को गंभीरता से देख रही है। उन्होंने कहा, मैं पुष्टि कर सकता हूं कि एफपीएस का विदेश विभाग इस मामले से अवगत है और इसे अत्यधिक महत्व देता है। हालांकि, हम व्यक्तिगत मामलों पर टिप्पणी नहीं करते। इस बीच, एंटीगुआ और बारबुडा की सरकार ने पुष्टि की है कि चोकसी चिकित्सा उपचार के लिए देश से बाहर गया है, लेकिन वह अब भी एंटीगुआ का नागरिक बना हुआ है।रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि भारत ने बेल्जियम सरकार से चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध किया है, हालांकि इस संबंध में भारतीय अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, चोकसी जल्द ही स्विट्जरलैंड के एक कैंसर अस्पताल में इलाज के लिए जाने की योजना बना रहा है। गौरतलब है कि मेहुल चोकसी, अपने भतीजे नीरव मोदी के साथ, पंजाब नेशनल बैंक घोटाले में वांटेड है और भारत सरकार कई वर्षों से उसके प्रत्यर्पण के प्रयास कर रही है। अब यह देखना होगा कि बेल्जियम, एंटीगुआ और भारत की सरकारें इस मामले को लेकर क्या कदम उठाती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, चोकसी फिलहाल बेल्जियम के एंटवर्प शहर में अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है और उसने वहां का रहवासी कार्ड हासिल कर लिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चोकसी ने बेल्जियम में निवास आवेदन के दौरान झूठे दस्तावेज पेश किए और अपनी भारतीय व एंटीगुआ की नागरिकता की जानकारी छिपाई।एंटीगुआ और बारबुडा के विदेश मंत्री ईपी चेट ग्रीन ने चोकसी के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा, मुझे बताया गया है कि मेहुल चोकसी चिकित्सा उपचार के लिए विदेश गया है। वह अभी भी एंटीगुआ और बारबुडा का नागरिक है।

# जंगल में लगी आग की चपेट में आया 1000 साल पुराना बौद्ध मंदिर

उइसेओंग,(ए)। दक्षिण कोरिया के उइसेओंग जिले में गाउंसा मंदिर, जो करीब 1000 साल पुराना बौद्ध मंदिर है, मंगलवार को जंगल की भीषण आग की चपेट में आ गया। यह मंदिर सिल्ला वंश के दौरान बनाया गया था और इसे ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित किया गया था।झजानकारी अनुसार जंगल में लगी आग केवल गाउंसा मंदिर तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि इससे जोसेन वंश (1392-1910) की एक महत्वपूर्ण बौद्ध वास्तुकला संरचना भी नष्ट हो गई। अधिकारियों के अनुसार, यह संरचना भी राष्ट्रीय धरोहर के रूप में नामित थी। इस आग से राष्ट्रीय धरोहर को खासा नुक्सान हुआ है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मंदिर में मौजूद सभी भिक्षु और अन्य लोग आग के क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही सुरक्षित स्थान पर चले गए थे।

# अफगानिस्तान में बदल रहा हवा का रुख, लड़कियों के लिए 'लेट्स स्टडी' कैम्पेन शुरु

काबुल(ए)। अफगानिस्तान में चार साल तक लड़कियों की शिक्षा पर रोक रहने के बाद, कई महिला कार्यकर्ताओं ने तालिबानी नियमों की निंदा करते हुए नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत के अवसर पर 'लेट्स स्टडी' नामक कैम्पेन शुरू किया है। ऑनलाइन बयान में कार्यकर्ताओं ने कहा कि नए स्कूल वर्ष की शुरुआत के साथ ही 4 लाख अन्य लड़कियां शिक्षा से वंचित हो गई हैं, क्योंकि तालिबान ने अफगान लड़कियों को माध्यमिक और उच्च शिक्षा तक पहुंचने से रोक दिया है। दक्षिण एशियाई राष्ट्र में महिला अधिकार प्रदर्शनकारियों के अभियान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से 'अज्ञानी आतंकवादी समूह' तालिबान के प्रतिबंध के खिलाफ शिक्षा तक पहुंच के लिए अफगान महिलाओं के संघर्ष में उनका समर्थन करने का भी आग्रह किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं को अब वास्तविक अधिकारियों से कोई उम्मीद नहीं है, जो



महिलाओं के व्यवस्थित उत्पीड़न और मानवाधिकारों के उल्लंघन में शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के आग्रह के बाद बयान आया है कि देश में नए स्कूल वर्ष की शुरुआत के साथ ही इस्लामिक देश की सभी लड़कियों को स्कूल लौटने की अनुमति दी जानी चाहिए। एजेंसी ने कहा कि यदि यह प्रतिबंध 2030 तक जारी रहता है, तो चार मिलियन से अधिक लड़कियां प्राथमिक विद्यालय से आगे की शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित हो जाएंगी। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने कहा, "इन लड़कियों और अफगानिस्तान के लिए परिणाम भयावह हैं। प्रतिबंध स्वास्थ्य प्रणाली, अर्थव्यवस्था और राष्ट्र के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। कम लड़कियों को शिक्षा मिलने से, लड़कियों को बाल विवाह का अधिक जोखिम होता है, जिसका उनके स्वास्थ्य और कल्याण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अफगान महिलाओं के शिक्षा के अधिकार के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के समर्थन को सुनिश्चित करते हुए अफगानिस्तान में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने रविवार को देश के भविष्य को आकार देने में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

# चीन में जमकर हिली धरती लोग घरों से निकलकर भागे

बीजिंग(ए.)। चीन के उत्तरी हेबेई प्रांत के लैंगफैंग में योंगकिंग काउंटी में बुधवार को सुबह 1=21 बजे (बीजिंग समय) भूकंप के झटके महसूस हुए। धरती हिलते ही लोग घरों से बाहर निकल आए और काफी डर गए। भूकंप की 4.2 तीव्रता थी। चीन में भूकंप की निगरानी करने वाले चाइना अर्थक्वेक नेटवर्क्स सेंटर ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक यह भूकंप सतह से 20 किमी की गहराई में आया था। भूकंप का केंद्र चीन की राजधानी से 55 किमी दूर है, जिस कारण बीजिंग में भी झटके महसूस किए गए। राजधानी के कई लोगों को अपने मोबाइल पर इसका अलर्ट मिला। भूकंप के बाद भी बिजली आपूर्ति और परिवहन सामान्य बने हुए हैं। अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की रिपोर्ट नहीं मिली है। लैंगफैंग शहर के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने स्थिति का जायजा लेने के लिए भूकंप के केंद्र पर कर्मियों को भेजा है। भूकंप के केंद्र से 5 किमी के इलाके में कई गांव और कस्बे मौजूद हैं। पिछले पांच साल में भूकंप के केंद्र से 200 किलोमीटर के दायरे में 3.0 या उससे अधिक तीव्रता वाले कुल आठ भूकंप आए। बुधवार को आया भूकंप इनमें सबसे शक्तिशाली रहा है। भूकंप के बाद चाइना अर्थक्वेक नेटवर्क्स सेंटर ने आसपास के इलाकों में 251,692 यूजर्स को चेतावनी भेजी।

# कलेक्टर ने किया गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

## उपार्जन केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्था के कलेक्टर ने दिए निर्देश केन्द्रों पर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो

सीहोर ( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने दोराहा स्थित मॉं हरसिद्धी वेयर हाउस तथा श्यामपुर स्थित शुभमश्री वेयर हाउस में बनाए गए गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उर्पाजन की व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने मॉइश्चर मशीन पर गेहूं के नमी के स्तर का परीक्षण तथा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे में गेंहूं के वजन का भी परीक्षण किया। कलेक्टर बालागुरू के. ने उपार्जन केंद्र में उपार्जन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही किसानों के लिए बैठने के उपयुक्त स्थल, पेयजल, छाया, पंखा आदि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विक्रय के लिए उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए । यदि कोई कठिनाई या समस्या आये तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। इसके अलावा डीडीए केके पाण्डे एवं डीएमओ प्रशांत बामनकर ने अहमदपुर तथा चरनाल स्थित उपार्जन केन्द्रों का



निरीक्षण किया।

### एफएक्यू गेंहू लेने के दिए निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी उपार्जन केन्द्रों के प्रभारियों तथा नोडल अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धात मापदंड के अनुसार एफएक्यू गेंहू का उपार्जन करने के निर्देश दिए । इसके साथ ही उन्होंने किसानों से बुक किए गये स्लॉट की तिथि पर ही उपज की खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी तिथि के बुक स्लॉट पर पहले ही खरीदी नहीं की जाए।

### यह दिए अधिकारियों को निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों का नियमित भ्रमण करें। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल, छाया, पंडाल, कुर्सियों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त संख्या में तौल कांटे, हम्माल एवं तुलावटी की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान डीएम नॉन सुशील पंडित, नायब तहसीलदार रिया जैन तथा अर्पित मेहता, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल उपस्थित थे।

# आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा गणगौर का पर्व



सीहोर (निप्र)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माहेश्वरी महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल, और सोनी महिला मंडल के तत्वाधान में शक्ति और भक्ति का पर्व गणगौर आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। आस्था और उत्साह के साथ महिलाओं ने ढोल-बाजे के साथ शहर के अमर टाकिज के चांडक परिवार के भवन में पहुंचकर पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना के पश्चात सामूहिक रूप से झाले दिए। गणगौर महापर्व महोत्सव गणगौर का आगमन हुआ चांडक परिवार में जहां शोभा चांडक एवं परिवार मित्र मंडल द्वारा सभी का नृत्य गीतों के द्वारा स्वागत किया गया भगवान से अखंड सुहाग की कामना की गई और सभी ने खूब मंगल बधाइयां गई हैं इसी बीच हमारे शहर की पवित्र सीवन नदी जो की बहुत हद तक गंदगी से भरी हुई है उसमें पवित्रता का नाम मात्र भी रूप नहीं है इसलिए आज हमारे शहर के वरिष्ठ लोग इस कार्य का बीड़ा उठा रहे हैं जन भागीदारी से यह कार्य महिला समुदाय के साथ करने के लिए हमारे बीच डॉक्टर गगन नामदेव, ओम दीप, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप चौहान उपस्थित थे जिन्होंने सीवन नदी को स्वच्छ करने का बीड़ा उठाया है और सभी का सहयोग की अपेक्षा की है। इसी तरह सीहोर में पहली बार 108 कुंडी महायज्ञ गायत्री परिवार हरिद्वार द्वारा होने का आमंत्रण देने के लिए गायत्री परिवार के लोग उपस्थित थे उन्होंने सभी से तन मन धन से सहयोग करने की अपील की है और सीहोर बहुत ही भाग्यशाली है जो इस तरह के आयोजन यहां पर होते रहते हैं हम सब हमेशा सक्रिय रहते हुए महिला मंडल के सभी सदस्यों ने यह कही है कि हम सब साथ हैं सीवन नदी के उद्धार के लिए भी और 108 कुंडी महायज्ञ के लिए भी हम सब का सहयोग जो बंद पड़ेगा हम करेंगे बहुत-बहुत धन्यवाद है सभी का आभार शोभा चांडक ने व्यक्त किया सभी का धन्यवाद किया।

### *68 वीं राष्ट्रीय शालेय कुश्ती फ्रीस्टाइल एवं वेटलिफटिंग प्रतियोगिता में आवासीय विद्यालय के छात्रों का चयन*

*सीहोर ( निप्र)। 68 राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली एवं इंफाल मणीपुर में होगा। इस प्रतियोगिता में शासकीय आवासीय खेलकुद संस्थान सीहोर के दो छात्रों का चयन हुआ है। जिसमे दीपक बैस 11 वीं कक्षा के छात्र का कुश्ती फ्रीस्टाइल में तथा अंशुल मण्डलोई कक्षा 11 वीं के छात्र का वेटलिफटिंग प्रतियोगिता में चयन हुआ है। दिनांक 22 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 तक दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में दीपक बैस कुश्ती फ्रीस्टाइल में भाग लेंगे तथा प्री नेशनल कोचिंग केम्प जबलपुर मे दिनांक15 से 19 अप्रैल तक कोचिंग में भाग लेंगे। इसी प्रकार इंफाल मणीपुर में दि. 07 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित प्रतियोगिता में अंशुल मण्डलोइ वेटलिफटिंग में भाग लेंगे तथा तथा प्री नेशनल कोचिंग केम्प सीहोर में दि. 31 मार्च से 4 अप्रैल तक कोचिंग में भाग लेंगे। छात्रों के राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला शिक्षा आधिकारी संजय सिंह तोमर प्राचार्य आवासीय विद्यालय आलोक शर्मा, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, खेल प्रशिक्षक अताउल्लाखान, जिला क्रीडा अधिकारी बृजेश शर्मा, नारायण प्रसाद कुशवाह, अरूणा पारे, शैलेन्द्र चौहान, लोकेश परमार जिला योग प्रभारी मनोज कुमार व्यााास, अंकित गुप्ता, संजय कर्मा, अर्पित कुल्हारे एवं समस्त शाला स्टाफ ने बधाई दी।*

# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला




सीहोर (निप्र)। पीएम एक्सीलेंस कॉलेज जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में ''ऐतिहासिक सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक योगदान'' विषय पर वनवासी कल्याण परिषद मध्यभारत प्रान्त के संगठन मंत्री तिलकराम दॉंगी ने अपने विचार व्यक्ति करते हुये कहा कि जनजातीय नायकों टान्ट्या भील, भगवान विरसा मुंडा के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम इनके योगदान हमेश यरद रखा जायेगा। कार्यशाला में जनजातीय गौरव सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुदेश राय, विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष विकास (प्रिंस) राठौर, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति सुदीप प्रजापति उपस्थित रहे।

# मां कर्माबाई जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

## भव्य शोभायात्रा निकली, नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत






सीहोर ( निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्माबाई की जयंती महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। नगरवासियों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।शोभायात्रा दोपहर 5 बजे स्थानीय राधेश्याम मंदिर, गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर इंडस्ट्रियल एरिया, मंडी थाने के पीछे स्थित हनुमान मंदिर तक निकाली गई। यात्रा के समापन स्थल पर मां कर्माबाई की भव्य आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों और महिलाओं ने विशेष रूप से भाग लिया। बच्चों ने भजन, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से मां कर्माबाई के जीवन चरित्र को जीवंत किया। वहीं, महिलाओं ने लोकगीत एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इस अवसर पर समाज के उत्कृष्ठ कार्यों को देखते हुए पत्रकार धीरज साहू एवं श्रीमती सुषमा साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहर के अन्य पत्रकारों को भी समाज की गतिविधियों को उजागर करने और सकारात्मक पत्रकारिता के माध्यम से जनसेवा में योगदान देने हेतु सम्मानित किया गया। इस आयोजन में महंत हरी रामदास महाराज (श्री हंसदास मठ) एवं महंत महेश दास महाराज (श्री राधेश्याम मंदिर, मंडी) विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, सन्नी महाजन, श्रीमती अरुणा सुदेश राय सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में रमेश चंद्र साहू, डॉ. सी.एल. साहू, गिरधर गोपाल साहू, धनराज साहू, रामदास साहू, रामबदन साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, दिलीप साहू,मनीष साहू, मनोज साहू, राजेश साहू,संतोष साहू,अनूप साहू,देवेंद्र साहू,अरविंद साहू,जितेंद्र साहू (साहू समाज अध्यक्ष), लक्ष्मी साहू (महिला मंडल अध्यक्ष), धर्मेश साहू (चल समारोह अध्यक्ष), विमलेश साहू (चल समारोह महिला मंडल अध्यक्ष), नीरज साहू, राज साहू, धीरज साहू (मीडिया प्रभारी), चेतन साहू, निखिल साहू, कृष्णा साहू, ऊषा साहू, सुनीता साहू, वर्षा साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस भव्य आयोजन में नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और मां कर्माबाई के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। शहरभर में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे माहौल भक्ति और उल्लास से भर गया। आयोजकों ने नगरवासियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# उपार्जन केन्द्रों पर एफएक्यू खरीदी के लिए उपार्जन समिति के सदस्यों की ड्यूटी लगाई

सीहोर ( निप्र)। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन 05 मई तक किया जाना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के निर्धारित उपार्जन केन्द्रों पर एफएक्यू खरीदी किये जाने एवं उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने के लिए जिला उपार्जन समिति के सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेशानुसार कृषि उपज मंडी समिति के सचिव नरेंद्र कुमार महेश्वरी, प्रभारी उपायुक्त सहकारिता सुनील सक्सैना, प्रभारी महाप्रबंधक डीसीबी मनोज शर्मा, जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी सुनील पंडित, जिला विपणन अधिकारी प्रशांत बामनकर, जिला प्रबंधक एनआरएलएम दिनेश बर्फी, उपसंचालक कृषि के के पांडे, शाखा प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी श्रीमती दीप्ति सिंह और जिला उपार्जन प्रभारी आकाश चंदेल शामिल है। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिये है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत किसान पंजीयन की अंतिम तिथि को दृष्टिगत रखते हुए शेष किसानों के अधिक से अधिक पंजीयन करावें और रबी उपार्जन निति अनुसार एफएक्यू गेहूं खरीदी की जावे साथ ही प्रतिदिन खरीदी की गई गेहूं की मात्रा का R2T गोदाम के अंदर परिवहन, हेण्डलिंग चालान तथा स्वीकृत अनुसार ईपीओ (खरीदी दिवस) में शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। नियुक्त जिला अधिकारी आवंटित उपार्जन केन्द्रों पर शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का कढाई से पालन करते हुए एफएक्यू गेहूं खरीदी कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें।

# जैविक खेती नहीं अपनाई तो जूझना पड़ सकता है कैंसर जैसी बीमारी से : सुनील मीणा



सीहोर (निप्र)। सीहोर के ग्राम लसुडिया में शिवशक्ति ग्रुप ऑफ कंपनी के तत्वाधान में जलवायु परिवर्तन का कृषि पर प्रभाव एवं जैविक कृषि विषय पर एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कृषि अधिकारी सुनील मीणा और वरिष्ठ कृषि अधिकारी आकाश कुशवाह ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन के कारण मानव जीवन एवं वातावरण तथा जीव जंतुओं की जीवन शैली पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इससे अनेक प्रकार की विसंगतियां एवं प्राकृतिक संतुलन डगमगा रहा है ।उन्होंने कहा कि अत्याधिक वायु प्रदूषण के कारण आंखों में खुजली एवं श्वसन तंत्र संबंधित बीमारिया बढ़ रही हैं । पृथ्वी का तापमान 01 डिग्री सेंटीग्रेड बढने पर एक करोड़ लोगों के लिए खाद्यान्न का संकट पैदा होगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों ने पेरिस सम्मेलन में पृथ्वी का तापमान 02 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक न बढने का संकल्प लिया है। भारत में वायु प्रदूषण मौत का पांचवां बड़ा कारण है। खेतों में रसायनों के अत्याधिक प्रयोग ने ज़मीन को बंजर बना दिया। डब्ल्यू एच ओ रिपोर्ट के मुताबिक अगर ऐसा ही चलता रहा तो तो आगामी वर्षों में देश की जनता कैंसर से पीड़ित होगी। इसलिए जैविक खेती को अपनाने की जरूरत है । क्षेत्रीय अधिकारी रंजीत रघुवंशी जी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आने वाला कल जैविक खेती का होगा। इस कार्यक्रम के समापन के दौरान संस्था पूर्व से जैविक खेती कर रहे किसान श्री महादेव पंडाग्रे जी को संस्था की ओर से सम्मानित किया साथ ही उपस्थित किसानों ने जैविक खेती करने का वचन लिया।

# पीजी कालेज मैदान पर विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता

### एक तरफा मुकाबले में खाटू श्याम क्लब ने केके क्लब को 50 रन से हराया

सीहोर (निप्र)। शहर के पीजी कालेज में खेली जा रही भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच खाटू श्याम क्लब ने केके क्लब को 50 रन और दूसरे मैच में पार्षद इलेवन को स्टूडेंट लाईब्रेरी ने आठ विकेट से हराकर प्रतियोगिता शानदार जीत दर्ज की।

इस संबंध में आयोजक जितेन्द्र यादव ने बताया कि विधायक सुदेश राय के सहयोग से शहर के पीजी कालेज मैदान पर खेली जा रही विधायक कप का आयोजन भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को पहला मैच खाटू श्याम क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 140 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। जिसमें योगेश यादव ने 23 गेंद पर 59 रन और अभिषेक ने 18 गेंद पर 54 रन की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केके क्लब निर्धारित आठ ओवर में 90 रन ही बना सकी। खाटू श्याम क्लब की ओर से कपिल ने दो विकेट, कान्हा-अन्नू ने एक-एक विकेट हासिल किया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला पार्षद इलेवन और स्टूडेंट लाईब्रेरी के मध्य खेला गया था। जिसमें पार्षद इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 66 रन बनाए थे। इसके जबाव में स्टूडेंट लाईब्रेरी ने दो विकेट खोकर यह मैच आठ विकेट से जीत हासिल की। इसमें आशीष ने 37 रन, आशीष परमार ने 12 रन और मानक ने 10 रन बनाए थे।

# सिद्धपुरा सीहोर नगर की धरा पर आगामी 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु भूमि पूजन 30 मार्च को होना तय

## यज्ञ स्थल सैकड़ा खेड़ी रोड बस स्टैंड के पास



सीहोर (निप्र)। नगर की धारा पर प्रथम बार ऐसा दिव्य, भव्य एवं आध्यात्मिक से जुड़ा आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार सीहोर द्वारा 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संपन्न होने जा रहा है उक्त कार्यक्रम की तैयारी हेतु सभी गायत्री परिवार एवं नागरिकजनों द्वारा अपार उत्साह दिखाई दिया जिसमें सभी प्रशासनिक अधिकारियों समेत नगर के सभी वर्गों को आमंत्रण देने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है इसके निमित्त सीहोर विधायक सुदेश राय नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय गौ भक्त एवं भागवत आचार्य राष्ट्रीय संत पंडित मोहित पाठक पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, नरेश मेवाडा, सन्नी महाजन, जसपाल अरोरा समेत सभी समाज के अध्यक्षको संगठनों के सदस्य, धार्मिक सामाजिक संगठनों को भाव भरा आमंत्रण दिया जा रहा है सभी ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। आगामी 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु भूमि पूजन 30 मार्च को शहर के सैकड़ाखेडी रोड स्थित महाकाल माधव आश्रम बस स्टैंड के पास किया जाएगा।

चार दिवसीय आयोजन में 27 अप्रैल को 1100 कलशो की विशाल शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी एवं 28 29 30 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से 108 कुंडीय यज्ञ वेदिओं पर देव स्थापना आह्वान कर एक साथ यज्ञ आहुतियां दी जाएगी सभी लोगों के लिएयज्ञ में बैठने की एवं भोजनप्रसादीकी व्यवस्था निशुल्क रहेगी साथ ही सभी संस्कार भी निशुल्क किए जाएंगेआयोजन में जिला सीहोर से एवं संपूर्ण मध्य प्रदेश से 500 से अधिक महिला पुरुष सेवादारी कार्यकर्ताओं द्वारा सेवाएं दी जाएगी, यज्ञ समिति ने बताया कि यज्ञ में एक से डेढ़ लाख तक श्रद्धालुओं हेतु व्यवस्था की जा रही है यज्ञ हेतु सभी श्रद्धालुओं के जोड़े के साथ बैठने हेतु रजिस्ट्रेशन निशुल्क किया जा रहा है गायत्री परिवार द्वारा किए गए नव विवाहित जोड़ों को आमंत्रण दिया गया है साथ ही यज्ञ मे निशुल्क विवाह हेतु 15 से अधिक जोड़ों का रजिस्ट्रेशन भी किया जा चुका है जिन्हें यज्ञ समिति एवं समाजसेवी व्यक्ति एवं संस्थाओं के द्वारा उपहार भेंट किए जाएंगे आयोजन मंडल में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश उपजोन समन्वयक आरपी हजारी, आरके मोदी, श्रीमती रमिला परमार, महेश विजयवर्गीया, डॉक्टर तेजराज, राजेंद्र पालीवाल, रामनारायण लेवे, रमाकांत शर्मा, श्रीमती निर्मला भावसार, श्रीमती शशि शर्मा, श्रीमती माया त्यागी, श्रीमती जया माझी, मनोहर दांगी, प्रेमलाल कुशवाहा, द्वारका प्रसाद वर्मा, राजेंद्र नामदेव, ओपी. सेवजी, भागवत मल्होत्रा, अनिल श्रीवास्तव, हरिओम लेवे, यशपाल कुशवाह, हरिनारायण पाटीदार, बने सिंह दांगी, विष्णु शर्मा, डॉक्टर उर्वशी सोनी, सुरेश त्यागी, श्रीमती अभिलाषा शर्मा, भोपाल परमार, श्रीमती दलिता राय, पहलाद वर्मा, महेश ठाकुर, श्रीमतिपुष्पा शर्मा, रामनारायण जी परमार, कैलाश केसरिया, शैलेंद्र वर्मा, नरेश वर्मा, नाथूलाल वर्मा, पवन कुमार राय आदि ने अपने-अपने क्षेत्र में पूर्ण उत्साह से गुरु सेवा समर्पण भाव से सेवा प्रदान कर गायत्री परिवार यज्ञ के प्रचार प्रसार का कार्य आरंभ किया, यज्ञ को पूर्ण सफल बनाने हेतु संकल्प लिया एवं घर-घर जाकर नागरिकों को आमंत्रण भेंट कर अधिक से अधिक संख्या में पधार कर यज्ञ के पूर्ण लाभ अर्जन की अपील की।

# क्षेत्रवासियों से कराया 40 लाख के विकास कार्य का भूमि पूजन

### सभी आवश्यक स्थानों पर नालियों के साथ सड़कों का निर्माण कार्य होना जरूरी है-नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

सीहोर (निप्र)। क्षेत्र में विकास कार्य को तेजी देने में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की भूमिका अग्रणी है। पहले व्यवस्थित कार्य नहीं होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन वर्तमान नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधियों के द्वारा जो कार्य हो रहे है। वह सराहनीय है। उक्त विचार शहर के वार्ड क्रमांक 13 में करीब 40 लाख के भूमि पूजन के दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती सविता राठौर ने कहे। इस मौके पर उन्होंने कहाकि गंज क्षेत्र में सड़क पर पानी बहना स्थायी समस्या हो गयी थी, इससे लोगों को काफी परेशानी होती थी, वहीं सड़क भी खराब हो रही थी, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं दे रहा था, सभी आवश्यक स्थानों पर नालियों के साथ सड़कों का निर्माण कार्य होना जरूरी है। अगर इसी तरह हमारे शहर और क्षेत्र का विकास होगा तो कोई भी परेशानी क्षेत्रवासियों को नहीं होगी। इस मौके पर बुधवार को करीब 40 लाख का शहर के वार्ड 13 के अंतर्गत आने वाले कुमार मोहल्ला शनि मंदिर चौराहे पर नालियों और सड़क निर्माण का भूमि पूजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर पार्षद सविता राठौर अर्जुन राठौर के साथ सेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम सेन, नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर, राजेश मांझी, कमलेश राठौर, लोकेन्द्र वर्मा, कमलेश कुशवाहा, लक्ष्मीनारायण राठौर, भैय्या लाल राठौर के अलावा अन्य क्षेत्रवासियों ने लाखों रुपए के विकास कार्य का भूमि पूजन किया।

इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विकास कार्य को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सबका विकास ही भाजपा का मूलमंत्र है। इसको लेकर हम शहर को स्वच्छ और विकसित करने पर कार्य कर रहे है। क्षेत्र के लोगों को बारिश के दौरान नालियों के निर्माण नहीं होने के कारण सड़कों पर पानी जम जाता था, उन्होंने कहा कि बारिश से पहले शहर की सभी जर्जर सड़कों के निर्माण के साथ नालियों का निर्माण किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com